उज्जैन
शनिवार
12
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-219
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



पंजाबी एक्ट्रेस ने बादशाह को बताया पति दंव, ईशा रिखी ने रैपर के साथ फोटो शेयर कर कहा- मेरी शादी हो चुकी है

## 'भगवान राम को काल्पनिक' कहने पर राहुल के खिलाफ दोबारा सुनवाई



**वाराणसी।** भगवान राम को कथित तौर पर काल्पनिक कहने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका पर फिर से वाराणसी कोर्ट में सुनवाई होगी। एमपी एमएलए की सीनियर कोर्ट ने बुधवार को लोअर कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। एडिशनल डिस्ट्रिक जज यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने केस को वापस लोअर कोर्ट भेजते हुए नए सिरे से सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। राहुल गांधी पर अमेरिका के न्यूयॉर्क में ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप है। पिछले साल 12 मई को एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने याचिका दायर की थी।

## दो उइगर मुस्लिम थाईलैंड के ब्रह्मा मंदिर में बम ब्लास्ट के दोषी करार

**बैंकॉक।** थाईलैंड की एक अदालत ने 2015 में बैंकॉक के एरावन मंदिर बम धमाके के मामले में दो उइगर मुस्लिमों आरोपियों को मौत की सजा सुनाई है। इस धमाके में 20 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें एक सिंगापुर का नागरिक भी शामिल था, जबकि 120 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। एरावन मंदिर बैंकॉक का एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यह हिंदू देवता ब्रह्मा को समर्पित है। यहां चार मुख वाले ब्रह्मा की प्रतिमा स्थापित है, जिसे थाई भाषा में फ्रा फ्रोम कहा जाता है। हर दिन हजारों स्थानीय लोग और विदेशी पर्यटक यहां पूजा करने और मनोकामना मांगने आते हैं। अदालत ने दोनों आरोपियों को पहले से योजना बनाकर हत्या करने समेत कई गंभीर अपराधों का दोषी माना और उन्हें फांसी की सजा सुनाई।

## नेपाल बोला- भारत से सीमा विवाद में किसी तीसरे की जगह नहीं



**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा का मुद्दा पूरी तरह द्विपक्षीय है और इसका समाधान दोनों देश आपसी बातचीत से ही करेंगे। इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। हाल ही में नेपाली पीएम बलेन शाह ने हाल ही में कहा था कि सीमा विवाद से जुड़े मुद्दे में ब्रिटेन की भूमिका हो सकती है। विदेश मंत्री खनाल ने इस पर सफाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का मकसद किसी तीसरे देश की मध्यस्थता मांगना नहीं था।

## यूक्रेन युद्ध ने तोड़ा पहले विश्व युद्ध का रिकॉर्ड, 4 साल 3 महीने बाद भी संघर्ष जारी

**ब्रिटेन।** रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग अब पहले विश्व युद्ध से भी लंबा हो चुका है। फरवरी 2022 को शुरू हुआ यह युद्ध अब 1,569 दिन यानी 4 साल 3 महीने से ज्यादा लंबा हो गया है। जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था, तब माना जा रहा था कि कुछ ही दिनों में यूक्रेन झुक जाएगा। लेकिन यूक्रेनी सेना के जवाबी कार्रवाई के बाद युद्ध लंबी लड़ाई में बदल गया और अब भी इसके खत्म होने के संकेत नहीं दिख रहे हैं। ब्रिटेन और पश्चिमी देशों के अनुमान के मुताबिक अब तक इस युद्ध में करीब 5 लाख रूसी सैनिक मारे जा चुके हैं, जबकि दोनों पक्षों के कुल हताहतों की संख्या इससे कहीं ज्यादा मानी जाती है। शांति बातचीत फिलहाल ठप हैं और सर्वे बताते हैं कि बड़ी संख्या में यूक्रेनी नागरिकों को नहीं लगता कि यह युद्ध 2027 से पहले खत्म होगा।

## अखिलेश यादव की बेटी पर टिप्पणी में 3 पर एफआईआर



**कानपुर।** अखिलेश यादव की बड़ी बेटी अदिति यादव (23) को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में गुरुवार को कानपुर-प्रतापगढ़ में एफआईआर दर्ज हुई है। कानपुर में भारत पटेल, नागेश्वर सिंह बघेल और विनोद यादव और प्रतापगढ़ में शीतला सुजान कवि नाम के शख्स पर मुकदमा दर्ज हुआ। आरोप है कि सोशल मीडिया पर अदिति यादव के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट की। कानपुर में अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण यादव और प्रतापगढ़ में सपा के महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने शिकायत दर्ज कराई।

## चार दिन में टीएमसी के 4 राज्यसभा सांसदों का इस्तीफा

**कोलकाता/नई दिल्ली।** टीएमसी के राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बराइक और कोयल मल्लिक ने गुरुवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पिछले चार दिन में 13 में से चार राज्यसभा सांसद ममता को छोड़कर जा चुके हैं। 10 जून को सुष्मिता देव ने रिजाइन किया था। 8 जून को सुखेंदु शेखर ने राज्यसभा सदस्यता और पार्टी छोड़ी थी। इससे पहले टीएमसी की बागी सांसद काकोली घोष ने दावा किया था कि 20 लोकसभा सांसद अलग गुट बना चुके हैं। वहीं, 80 में से 58 टीएमसी विधायकों का भी अलग गुट बन चुका हैं।

### कॉकरोच जनता पार्टी ने मचाई सियासी हलचल, बेरोजगारी और पेपर लीक के खिलाफ जेन जेड का नया आंदोलन

# एनसीईआरटी में मराठा साम्राज्य का मैप दोबारा जोड़ा जाए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे**

कॉकरोच जनता पार्टी ने गुरुवार को पुणे के सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी कैंपस में प्रदर्शन किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। सैकड़ों छात्र और समर्थक पोस्टर-बैनर लेकर पहुंचे और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।

सोनम वांगचुक ने सीजेपी का शिक्षा घोषणापत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि इसमें पेपर लीक रोकने, समय पर रिजल्ट जारी करने, भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ाने, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय करने और परीक्षा में देरी-गड़बड़ियों से छात्रों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया है। सीजेपी फाउंडर दीपके ने अपने भाषण में दावा किया कि दिल्ली में जंतर-मंतर से ज्यादा लोग पुणे में जुटे हैं।



दीपके ने सरकार के सामने 5 मांगे भी रखीं। इसके अलावा एनसीईआरटी की किताबों में मराठा साम्राज्य का मैप दोबारा शामिल करने की मांग की। दरअसल, एनसीईआरटी ने 2025-26 सत्र के लिए क्लास 8 की किताब में मराठा साम्राज्य का एक मैप पब्लिश किया था। इसमें राजस्थान के कुछ हिस्सों को मराठा क्षेत्र दिखाया गया। कुछ इतिहासकारों और पूर्व शाही परिवारों ने इसपर आपत्ति जताई, जिसके बाद एनसीईआरटी ने मार्च 2026 में मैप हटा दिया।

### पुणे के बाद लखनऊ में सीजेपी का प्रदर्शन

- दीपके ने 11 जून से देशभर में प्रदर्शन का ऐलान किया है। इसकी शुरूआत पुणे से हुई है। सीजेपी ने  पर बताया कि 12 जून को लखनऊ में अगला प्रदर्शन होगा।
- दीपके जयपुर, अमृतसर और बेंगलुरु समेत कई शहरों में जाएंगे। इसके बाद 20 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचेंगे। 6 जून को पार्टी ने जंतर-मंतर पर अपना पहला प्रदर्शन किया था। 5 घंटे चले प्रदर्शन में हजारों लोग जुटे थे।

### दीपके बोले- पीएम के साथ मेरी फोटो अकजनरेटेड

- पुणे में प्रदर्शन से पहले दीपके ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी वायरल तस्वीर को अक जनरेटेड बताया। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री से कैसे मिल सकता हूं? मैं अमेरिका में सिर्फ एक स्टूडेंट था। सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री से मिलने की प्रक्रिया कितनी सख्त होती है।
- दीपके का यह बयान शिवसेना नेता संजय राउत के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दीपके भारत आने से पहले अमेरिका में प्रधानमंत्री मोदी से मिले थे। राउत ने दावा किया था कि उन्हें दोनों की एक तस्वीर भेजी गई है। हालांकि, उन्होंने फोटो शेयर नहीं की।

### अनिश्चितता की भी परीक्षा बन गई हैं सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए भर्ती परीक्षाएं

# भर्ती परीक्षाओं के निरस्त होने सिलसिला जारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं के लिए भर्ती परीक्षाएं अब केवल प्रतिस्पर्धा की नहीं, बल्कि अनिश्चितता की भी परीक्षा बन गई हैं। व्यापमं घोटाले के बाद परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, सुरक्षित और तकनीक आधारित बनाने के लिए बड़े बदलाव किए गए। व्यापमं का नाम बदलकर मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) रखा गया, ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली लागू की गई और तकनीकी निगरानी बढ़ाई गई। इसके बावजूद भर्ती परीक्षाओं के निरस्त होने, परिणामों में संशोधन और तकनीकी खामियों का सिलसिला लगातार जारी है। ताजा मामला 7 जून 2026 को आयोजित वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक, जेल प्रहरी और सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा का है। परीक्षा की दूसरी पाली सर्वर डाउन होने के कारण निरस्त करनी पड़ी। हजारों अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के बाद बिना परीक्षा दिए लौटने को मजबूर हुए। अब उन्हें दोबारा परीक्षा का इंतजार करना होगा। यह घटना एक बार फिर भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रही है।

प्रदेश में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए भर्ती परीक्षाएं लगातार



चिंता का कारण बनती जा रही हैं। मप्र कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) में तकनीकी गड़बडियों और परीक्षा स्थगित होने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वर्ष 2026 में एमपीईएसबी को 14 भर्ती परीक्षाएं आयोजित करनी हैं। लेकिन 7 जून को आयोजित वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक, जेल प्रहरी और सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली सर्वर डाउन होने के कारण निरस्त करनी पड़ी। इसके बाद से एमपीईएसबी की विश्वसनियता पर सवाल उठने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों में तकनीकी खामियों के कारण कई महत्वपूर्ण भर्ती परीक्षाएं प्रभावित हुई हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे महीनों तक तैयारी करते हैं, परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में समय और पैसा खर्च करते हैं, लेकिन तकनीकी खामियों का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है।

- परीक्षा होने के बाद भी परिणाम आने में लंबा समय लगने से नियुक्ति प्रक्रिया और अधिक विलंबित हो जाती है। रिकॉर्ड बताते हैं कि यह कोई अपवाद नहीं, बल्कि लगातार सामने आ रही समस्या है। वर्ष 2025 में समूह-1 और समूह-2 की संयुक्त भर्ती परीक्षा तकनीकी कारणों से पुनर्निर्धारित करनी पड़ी। इसी वर्ष समूह-1 उपसमूह-3 की परीक्षा की पहली पाली सर्वर फेल होने के कारण निरस्त कर दी गई थी। साल 2024 में आबकारी आरक्षक, समूह-4 और महिला एवं बाल विकास पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षाएं विभिन्न कारणों से प्रभावित हुईं। 2023 में कृषि और उद्यान विभाग की भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद दोबारा संशोधित परिणाम जारी करना पड़ा।
- 2022 में आईटीआई ट्रेनिंग ऑफिसर और अन्य समूह परीक्षाओं के परिणामों में बदलाव करना पड़ा। एमपीईएसबी को वर्ष 2026 में 14 प्रमुख भर्ती परीक्षाएं आयोजित करनी हैं। ऐसे में सबसे बड़ी चुनौती केवल परीक्षा आयोजित करना नहीं, बल्कि उसे बिना तकनीकी बाधा, बिना विवाद और समयबद्ध परिणामों के साथ पूरा करना है। क्योंकि अब अभ्यर्थियों का सवाल सिर्फ नौकरी का नहीं, बल्कि भर्ती प्रक्रिया पर भरोसे का भी है। एमपीईएसबी के जनसंपर्क अधिकारी विशाल जोशी का कहना है कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## नीति आयोग बैठक- पहली बार 28 राज्यों के सीएम पहुंचे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक हुई। 11 साल में पहली बार बैठक में सभी 28 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि देश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अवसरों और इसके सामाजिक खतरों के बीच संतुलन बनाना होगा। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी और ड्रग्स की समस्या से निपटने के साथ-साथ अल-नीनो के खतरों से सावधान रहने और जल संरक्षण को मजबूत करने की अपील की। वहीं, तमिलनाडु के सीएम विजय ने पीएम के सामने नीट परीक्षा का विरोध किया। उन्होंने कहा कि नीट शुरू होने के बाद ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों पर असर पड़ा है। विजय ने केंद्र से तमिलनाडु में एमबीबीएस-बीडीएस सीटों पर 12वीं बोर्ड परीक्षा के अंकों के आधार पर एडमिशन देने की इजाजत मांगी।

## इंदौर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भतीजे की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के शिप्रा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के करीबी रिश्तेदार की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस और प्रशासनिक की टीम तत्काल सक्रिय हो गई। आधी रात शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अरबिंदो अस्पताल पहुंचाया गया, जहां आवश्यक कानूनी और दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। शुक्रवार सुबह शव को एयर लिफ्ट कर दिल्ली भेजे जाने की तैयारी की गई है।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान प्रशांत सिंह (29) पुत्र प्रदीप सिंह, निवासी रेवती, गाय घाट, जिला बलिया (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे अपने तीन परिचितों के साथ कार से यात्रा कर रहे थे। रात करीब 11 बजे शिप्रा क्षेत्र में एक स्थान पर कार रुकने के बाद प्रशांत सिंह नीचे उतरे थे।

इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि बस ड्राइवर वाहन लेकर फरार हो गया। घायल प्रशांत सिंह को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी और मृतक के परिजनों व परिचितों से संपर्क किया। बाद में पता चला कि प्रशांत सिंह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के करीबी रिश्तेदार हैं और रिश्ते में उनके भतीजे लगते हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही भोपाल और दिल्ली स्तर पर भी प्रशासनिक हलचल बढ़ गई। इसके बाद पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे।

प्रशासन ने देर रात ही पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी कराने की तैयारी शुरू कर दी, ताकि सुबह जल्द से जल्द पार्थिव देह को दिल्ली रवाना किया जा सके। पुलिस फरार बस चालक और वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

## दिल्ली में आधी रात को 70 किमी की रफ्तार से आंधी चली

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

देश में मानसून के आगे बढ़ने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को मानसून की बंगाल की खाड़ी वाली ब्रांच बिहार में पहुंच गई। हालांकि, मुंबई में मानसून थोड़ा पीछे चल रहा है। अगले 3 दिन में मानसून के झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में एंट्री करने की संभावना है। 4 जून को केरलम में एंट्री के बाद से मानसून 8 दिन में 17 राज्यों तक पहुंच चुका है। इधर दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में गुरुवार रात कई इलाकों में 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं। इससे तेज गर्मी से राहत मिली। बिहार के 12 जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। बिजली गिरने से पति-पत्नी समेत 10 लोगों की मौत हो गई। गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून एक्टिव है।

## ओडिशा में मिसाइल टेस्ट की तैयारी, 11 गांव खाली कराए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बालासोर**

ओडिशा के बालासोर जिले में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के तय मिसाइल टेस्ट से पहले गुरुवार को प्रशासन ने 11 गांव खाली करा लिए। चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के लॉन्च पैड-3 के 3.5 किलोमीटर दायरे से 11,442 लोगों को अस्थायी तौर पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बुधवार को भी इन्हीं इलाकों के लोगों को उनके घरों से हटाया गया था।


### फिरोजाबाद में शताब्दी एक्सप्रेस का ए-1 कोच बना निशाना, कानपुर से दिल्ली जा रहे थे

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की ट्रेन पर पथराव

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कानपुर**

फिरोजाबाद में संघ प्रमुख मोहन भागवत की ट्रेन पर गुरुवार शाम को पथराव हुआ। पत्थर सीधे उसी बोगी पर लगा, जिसमें वह बैठे थे। इससे खिड़की का शीशा टूट गया। भागवत कानपुर से शताब्दी एक्सप्रेस से नई दिल्ली जा रहे थे।

भागवत एग्जीक्यूटिव क्लास के ए-1 कोच में थे। ट्रेन जब मक्खनपुर-फिरोजाबाद के बीच से



गुजर रही थी, तभी अचानक बोगी को निशाना बनाकर पत्थर फेंका गया। गनीमत रही कि इस पथराव में संघ प्रमुख सुरक्षित रहे। सुरक्षा को देखते हुए ट्रेन को बीच रास्ते में कहीं भी नहीं रोका गया। घटना की सूचना मिलते ही टूंडला जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस के आला अधिकारी भारी फोर्स के साथ मुस्तैद हो गए। शाम 7:34 बजे जैसे ही शताब्दी एक्सप्रेस टूंडला जंक्शन के प्लेटफॉर्म पर आकर रुकी, सुरक्षा घेरा बेहद सख्त कर दिया गया। टूंडला जंक्शन पर सुरक्षा जांच करने के बाद ट्रेन को शाम 7:41 बजे दिल्ली रवाना कर दिया गया।

# दिल्ली में बिल्डिंग में आग

### 3 मौतें, 6 झुलसे, पार्किंग में टू-व्हीलर में आग लगी, 5वीं मंजिल तक फैली





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में एक बिल्डिंग में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें एक युवक और दो महिलाएं हैं। 6 लोगों को बचाया गया है, सभी अस्पताल में भर्ती हैं।

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, आग पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में लगी थी। धीरे-धीरे आग पांच मंजिला बिल्डिंग में फैल गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने छत का ताला काटकर लोगों को बचाया। फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, गुरुवार देर रात 2:35 बजे से 2:37 बजे के बीच इमरजेंसी कॉल मिलीं। आग तारा अपार्टमेंट के पास गली नंबर 1 में स्थित एक इमारत में लगी थी। इमारत के अंदर कई लोगों के फंसे होने की खबर मिलने के बाद फायर फाइटर्स ने रेस्क्यू शुरू किया। 3:45 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

### तीन स्कूटी, दो बाइक और एक साइकिल जली

- फायर विभाग के एडीओ यशवंत मीणा ने बताया कि पार्किंग में खड़ी तीन स्कूटी, दो बाइक और एक साइकिल जल गईं। आग और धुआं ग्राउंड फ्लोर से पांचवीं मंजिल तक फैल गया, जिससे निचली मंजिलों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।
- संकरी गली में बनी पांच मंजिला इमारत होने के कारण राहत कार्य में दिक्कतें आईं। छत का गेट बंद होने पर उसका ताला तोड़कर अंदर पहुंचे और वहां फंसी दो लड़कियों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

## असम में 4.7 तीव्रता का भूकंप

### मेघालय समेत पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में महसूस हुए झटके



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कछार**

असम के कछार जिले में गुरुवार रात 4.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके मेघालय सहित पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में महसूस किए गए। हालांकि, इससे किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि भूकंप रात 9:10 बजे आया। इसका केंद्र असम के कछार जिले में स्थित था। भूकंप की गहराई जमीन से 39 किलोमीटर नीचे थी। इसका केंद्र 24.941 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 93.007 डिग्री पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया।



**खबर एक नजर...**

## खेल पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित

**उज्जैन।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री ओ.पी हारोड ने जानकारी दी कि खेल पुरस्कार-2026 (एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार) के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जून से 31 जुलाई, तक आमंत्रित किये जा रहे हैं।पुरस्कार खेल और युवा कल्याण विभाग, म.प्र. शासन के नवीन पुरस्कार नियम 2021₹ के अनुसार विगत 5 वर्षों (1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च, 2026) में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किये जावेंगे। साहसिक खेल (समुद्र, जमीन एवं वायु आधारित) हेतु भी विक्रम एवं एकलव्य पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।पुरस्कार हेतु पात्रता, पुरस्कार राशि उपलब्ध है। आवेदक विभागीय वेबसाइट पर दी गई लिंक से या सीधे अन्य शर्तें विभागीय वेबसाइट तथा प्ले स्टोर से खेल और युवा कल्याण करके भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत आवेदन की प्रति (जिस पर पंजीयन क्रमांक अंकित हो) के साथ खेल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेख की छाया प्रति संबंधित जिले के जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय/संचालनालय, खेल और युवा कल्याण, टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र पुरस्कार हेतु मान्य नहीं किये जायेंगे।

## कलेक्टर कार्यालय के परिसर में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर आयोजित

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निदेर्शानुसार शासकीय सेवकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से रेडक्रास सोसायटी और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर कार्यालय के परिसर में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विगत 08 जून को 88 व मंगलवर को 51 अधिकारियों व कर्मचारियों की जांच कर उपचार व परामर्श प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि शिविर में डायबिटीज, हाईपरटेंशन, एनीमिया तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांचें की गई। स्वास्थ्य जांच से मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं अन्य गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान एवं उपचार संभव हो सकेगा।शिविर मे चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा जांच व उपचार प्रदान किया गया। शिविर के लिए आवश्यक उपकरण जैसे बीपी मशीन, ग्लूकोमीटर, वजन मशीन एवं माप टेप आदि के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान जिला रेडक्रास शाखा के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र झालानी, सचिव श्री अनुराग जैन, नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा, जिला शहरी विकास अभिकरण के श्री अरुण शर्मा उपस्थित थे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वास्थ्य परिक्षण के प्रति जागरुकता का परिचय देते हुए शिविर का पूर्ण लाभ लिया।

## राजकुमार खलीफा बैरवा महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत

**उज्जैन।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा के युवा प्रकोष्ठ में उज्जैन के राजकुमार खलीफा (कैरोल) को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुशंसा पर राष्ट्रीय महामंत्री रामनिवास जोनवाल और राष्ट्रीय प्रभारी हरिश ललावत ने यह नियुक्ति की है। राजकुमार खलीफा के मनोनयन से समाज के युवाओं में उत्साह है। उनकी इस नियुक्ति पर डॉ. प्रभुलाल जाटवा, मदनलाल ललावत, हरिशंकर वट, राकेश मरमट, जगदीश मीमरोठ, नवीन धंधेरवाल, अनिता संदीप कुन्हारे, अर्चना जीनवाल, प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल, नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र मरमट, राहुल अखंड, कुलदीप बैंडवाल, ओपी विश्वप्रेमी, सुरेन्द्र मेहर, सुनील चावंड, गब्बर कुवाल, बद्री मरमट, दीपक मेहरा, जितेन्द्र तिलकर, दिनेश जाटवा, कमल बैरवा, लालचंद भारती, मनोज नागवंशी, दुर्गेश धवन, मनीष जाटवा, सतीश मरमट और नितिन मरमट ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# अधिक मास में दान-धर्म का मिलता है हजार गुना फल

### कथावाचक मुकुंदाचार्य महाराज ने बताया पुरुषोत्तम महीने का महत्व, शिव-पार्वती के स्वरूप ने मोहा मन





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंधु सेना के तत्वावधान में सिंधी कालोनी में आयोजित भागवत कथा में श्रद्धालुओं का विशाल जनसमूह उमड़ रहा है। कथावाचक श्री मुकुंदाचार्य जी महाराज ने उपस्थित भक्तों को अधिक मास अर्थात पुरुषोत्तम महीने का महत्व बताते हुए कहा कि यह पवित्र महीना तीन साल में एक बार आता है। इस मास में किए गए दान-धर्म का हजार गुना फल प्राप्त होता है। महाराज श्री ने कहा कि जीवन में यदि आप किसी के सारथी बनेंगे, तो प्रभु स्वयं आपके सारथी बनकर आपको भवसागर से पार लगाएंगे।

कथा के दौरान शिव और पार्वती के स्वरूप में सजीं शोभा शर्मा और दीपा खत्री ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में आयोजक व सिंधु सेना अध्यक्ष किशोर मुलानी, समाजसेवी राजकुमार परसवानी, संतोष लालवानी, विनोद मुलानी, रितेश लालवानी, लालचंद धनवानी, वासु सोनी और मनोज रोचवानी उपस्थित थे। वहीं मातृशक्ति के रूप में माया मुलानी, डिंपल मुलानी, काम्या लालवानी, भावना आहूजा, दीक्षा धनवानी, लक्ष्मी वासवानी और योगिता रोचवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजनों ने भागवत कथा का रसपान किया।

## बरसात सिर पर, उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण परियोजनाएं अब भी अधूरी, बढ़ाएंगी परेशानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मानसून की दस्तक में अब कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर की कई महत्वपूर्ण सड़क चौड़ीकरण परियोजनाएं अब भी अधूरी हैं। नगर निगम द्वारा कंठाल चौराहे से छत्री चौक, सांदीपनि चौराहे से उदयन मार्ग, एमआर-4 मार्ग (रणकेश्वर महादेव मंदिर से गाड़ी अड्डा चौराहा) तथा नानाखेड़ा चौराहा से शांति पैलेस तिराहा सहित कई प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य शहर के यातायात दबाव को कम करना और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप सड़क नेटवर्क तैयार करना है, लेकिन वर्तमान स्थिति में अधिकांश कार्य निर्धारित समयसीमा से पीछे दिख रहे हैं। स्थिति यह है कि जिन मार्गों पर खोदाई, नाली निर्माण और सड़क चौड़ीकरण का काम जारी है, वहां बरसात शुरू होते ही कीचड़, जलभराव और यातायात अवरोध जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं। सबसे अधिक परेशानी उन आवासीय क्षेत्रों के रहवासियों को होगी, जो इन मुख्य मार्गों से जुड़े हुए हैं और जिनकी दैनिक आवाजाही इन्हीं रास्तों पर निर्भर है। नगर निगम और जिला प्रशासन ने वषार्काल से पहले प्रमुख कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य तय किया था। मुख्यमंत्री से लेकर अपर मुख्य सचिव, संभागायुक्त, कलेक्टर और महापौर तक कई बार समीक्षा बैठकों में निर्माण एजेंसियों को गति बढ़ाने के निर्देश दिए थे। कुछ मामलों में काम की धीमी प्रगति पर ठेकेदारों पर पांच लाख रुपये तक की पेनल्टी भी लगाई गई, लेकिन इसका अपेक्षित असर दिखाई नहीं दिया।

# कूप का सफल जीर्णोद्धार किया गया ग्रामीणों ने प्रस्तुत की मिसाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत उज्जैन की ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर में सामुदायिक भागीदारी की एक शानदार सफलता देखने को मिली है।ग्राम पंचायत की पूरी टीम, कमेटी स्टाफ तथा जागरूक ग्रामीणों ने मिलकर गांव के ऐतिहासिक एवं जीवनदायी सामुदायिक कूप (कुएँ) की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का सफल प्रयास किया है।

इस प्रयास से वर्षों से उपेक्षित पड़ा यह जल-स्रोत अब पुनः अमृत समान जल प्रदान करने के लिए तैयार हो गया है।ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर की यह सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जब शासन की दूरदर्शी योजना जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 को जनपद पंचायत का मार्गदर्शन, ग्राम पंचायत की पूरी टीम, समर्पित स्टाफ और गांव के आम नागरिकों का सामूहिक सहयोग मिल जाता है तो इतिहास के सोए हुए जल स्रोत भी जाग उठते हैं।इस कार्य के तहत सामुदायिक कूप की सफाई, गाद निकालना, झाड़ियाँ हटाना एवं अन्य जीर्णोद्धार कार्य पूरे किए गए।ग्राम पंचायत सरपंच निकाली बाई के सहयोग से 1.5 क्विंटल कार्य पूर्णता के साथ यह कार्य संपन्न हुआ। कुल स्वीकृत राशि 4 लाख रुपये रही तथा कार्य की शुरूआत विगत ०१ मई 2026 को हुई थी।जीर्णोद्धार से अनेक लाभ प्राप्त हुए हैं। जल क्षमता में वृद्धि हुई है जिससे वर्षा जल का बेहतर भंडारण संभव हो सकेगा। भूजल स्तर में सुधार हुआ है, स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बढ़ी है तथा कृषि एवं पशुपालन के लिए विश्वसनीय जल स्रोत तैयार हुआ है। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को निकटतम एवं सुरक्षित जल संग्रहण की सुविधा भी मिल गई है।इस अभियान में ग्रामीणों ने विशेष उत्साह दिखाया। सरपंच के नेतृत्व में स्थानीय महिलाओं एवं युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की। कूप के चारों ओर की सफाई, जालीदार संरक्षण दीवार का निर्माण एवं आसपास के क्षेत्र को सुव्यवस्थित करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।यह सामुदायिक कूप जीर्णोद्धार की सफलता जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनपद पंचायत उज्जैन एवं ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर की इस उपलब्धि को पूरे जिले के अन्य गांवों के लिए प्रेरणादायी है।

## शिप्रा तट पर पूजन कर चुनरी अर्पित की, भंडारा हुआ

**उज्जैन।** बड़ा पुल स्थित शिप्रा नदी तट पर उदयपुर से आए भगवान दास और उनके परिवार ने मां शिप्रा का पूजन किया। चुनरी अर्पण की। भंडारे का आयोजन किया। उद्देश्य शिप्रा जल की शुद्धता, निर्मलता के लिए प्रार्थना करना रहा। लोगों को नदी संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम की शुरूआत कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम के हिमालय गिरि महाराज के सान्निध्य में शिप्रा आरती से हुई।

## महाकाल भस्मारती में वीआईपी परमिशन के नाम पर सौदेबाजी, पुजारी महासंघ ने की निष्पक्ष जांच की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर की भस्मारती में वीआईपी प्रोटोकॉल परमिशन के नाम पर सामने आई सौदेबाजी को लेकर अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने कड़ी आपत्ति जताई है। महासंघ ने इस धांधली की कड़ी निंदा करते हुए प्रबंध समिति अध्यक्ष व कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने बताया कि महाकाल मंदिर में वीआईपी प्रोटोकॉल व्यवस्था पूरी तरह हावी हो चुकी है। मंदिर के अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक केवल वीआईपी की आवभगत में लगे रहते हैं। मंदिर समिति द्वारा आम भक्तों के हित में लिए गए निर्णयों का जमीनी स्तर पर कोई लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। मंदिर की सारी सुविधाएं सिर्फ वीआईपी प्रोटोकॉल वालों तक सिमट कर रह गई हैं। महासंघ ने आरोप लगाया कि प्रशासक का ध्यान केवल पंडे-पुजारियों के यजमानों और सेवकों पर प्रतिबंध लगाने पर केंद्रित है। वीआईपी प्रोटोकॉल पर उनकी कोई नजर नहीं है, जिसके कारण भस्मारती में व्यापक पैमाने पर धांधली और अव्यवस्था फैल रही है। वीआईपी की सेवा में लगे मंदिर कर्मचारियों की मनमानी भी चरम पर है, जो सिर्फ पुजारियों के सेवकों पर दबाव बनाते देखे जा सकते हैं।

# स्मार्ट सिटी सीईओं ने ठेकेदारों की लापरवाही पकडी, जुर्माना लगाया

### झालरिया मठ क्षेत्र निर्माण एजेंसी पर 50 हजार , भारत माता मंदिर-चौबीस खंभा मार्ग एजेंसी पर 74 हजार रुपये की पेनल्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ के कार्यों को लेकर स्मार्ट सिटी भी गंभीरता के क्रम में आ गया है। इसी के तहत स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओं ने झालरिया मठ क्षेत्र की निर्माण एजेंसी पर 50 हजार एवं भारत माता मंदिर झ्रचौबीस खंभा मार्ग एजेंसी पर 74 हजार की पेनल्टी लापरवाही सामने आने पर लगाई है। इसके साथ ही संबंधित सहायक यंत्री को कारण बताओं सूचना पत्र एवं उपयंत्री की तीन दिन का वेतन काटौती के आदेश जारी किए हैं।

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत जारी विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट सिटी मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप शिवा द्वारा स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।झालरिया मठ क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विगत 10 दिनों में निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। इस पर संबंधित निर्माण एजेंसी पर 50 हजार रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सहायक यंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने तथा संबंधित उपयंत्री के तीन दिवस के वेतन की कटौती करने के निर्देश दिए गए।भारत माता मंदिर से चौबीस खंभा मार्ग तक निमार्णाधीन सड़क कार्य की भी समीक्षा की गई। 24 मीटर चौड़ाई एवं 360 मीटर लंबाई के इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण कार्य में भी अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसी पर 74 हजार रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए।

## खजूर वाली मस्जिद कमरी मार्ग गोपाल मंदिर मार्ग के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करे

**उज्जैन।** निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा रात्रि कालीन शिफ्ट में खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट जूना सोमवारिया कमरी मार्ग एवं छत्री चौक से ढाबा रोड चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया निगम आयुक्त द्वारा खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट चौड़ीकरण कार्य में सम्बन्धित ठेकेदार एवं अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नाली निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करें जिससे आवागमन में नागरिकों को कोई परेशानी न आये आगामी 15 जून को मोहर्रम पर्व के जुलूस के पूर्व केडी गेट कमरी मार्ग पर प्रचलित सिवरेज कार्य को पूर्ण करे निगम आयुक्त द्वारा छत्री चौक से कमरी मार्ग चौराहा पर चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि मार्ग पर जल निकासी के लिए वैकल्पिक पाइप लाइन के द्वारा जल भराव की निकासी व्यवस्था को सुनिश्चित करें रीगल टॉकीज शॉपिंग कॉप्लेक्स का निरीक्षण कर स्लैब की ड्राइंग डिजाइन की देरी होने पर कंसल्टेंट पर 1 लाख की पैनल्टी के निर्देश प्रदान किए एवं सम्बन्धित ठेकेदार को निर्देशित किया कि स्लैब का कार्य तीव्र गति से गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करें निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, वैभव भावसार, साहिल मैदावाला, उपयंत्री राजेंद्र रावत एवं सम्बन्धित कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहे

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने पर भड़का आक्रोश

### टावर चौक पर उग्र प्रदर्शन, पुलिस से हुई हल्की झड़प

### जिलाध्यक्ष अर्पित यादव बोले- चुनाव आयोग ने खोई विश्वसनीयता, यह लोकतंत्र की हत्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राज्यसभा चुनाव में मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में शहर में धरना-प्रदर्शन का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। युवक कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में टावर चौक पर भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर उग्र प्रदर्शन किया। पुतला दहन और नारेबाजी के दौरान आक्रोशित युवाओं और पुलिस के बीच हल्की झड़प भी हुई।

युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने इस पूरी कार्रवाई को लोकतंत्र की संस्थागत हत्या करार दिया है। यादव ने आरोप लगाया कि जब भाजपा मध्यप्रदेश में कांग्रेस विधायकों को तोड़ने और खरीदने में नाकाम रही, तब चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के सहारे राज्यसभा सीट जीतने निकली है। मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज करना सीधे तौर पर लोकतंत्र पर हमला है।

यादव ने कहा कि नामांकन निरस्त करने के लिए जिन बहानों का सहारा लिया जा रहा है, वे केवल भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए हैं। भारत के चुनाव आयोग ने अपनी इस कार्यप्रणाली से सिर्फ विश्वसनीयता ही नहीं खोई है, बल्कि देश के 140 करोड़ लोगों के भरोसे का हनन भी किया है। टावर चौक पर हुए इस उग्र प्रदर्शन के दौरान शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, देवव्रत यादव, अजीत सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद मीणा, बबलू खिंची, उज्जैन दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज चावड़ा, उत्तर विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, सैयद बिलाल, योगेश दायमा, नीलम बिस्वा और ममता सहित सैकड़ों की तादाद में युवा मौजूद रहे।

### श्रीराम कथा में गूंजा केवट प्रसंग, मार्मिक वर्णन सुन भावुक हुए श्रद्धालु

# दशहरा मैदान में चल रहे 12 ज्योतिर्लिंग कथा महोत्सव का छठा दिन, आज से राजन जी महाराज सुनाएंगे कथा





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के दशहरा मैदान पर आयोजित 9 दिवसीय भव्य 12 ज्योतिर्लिंग कथा महोत्सव के छठे दिन भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े अत्यंत भावपूर्ण केवट प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा व्यास कुलदीप जी महाराज ने अपने प्रवचनों में केवट और प्रभु श्रीराम के प्रेम, समर्पण तथा भक्ति के प्रसंग का ऐसा मार्मिक वर्णन किया कि उपस्थित हजारों श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

कथा के दौरान कुलदीप जी महाराज ने कहा कि निष्काम भक्ति और सच्ची श्रद्धा से भगवान को सहज ही प्राप्त किया जा सकता है। केवट प्रसंग केवल एक कथा नहीं, बल्कि यह समाज के लिए भक्ति, समर्पण और सेवा का अनुपम संदेश है। आयोजक अजीत गुप्ता के नेतृत्व में चल रहे इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे हैं और कथा स्थल पर उत्साह का वातावरण बना हुआ है। मीडिया प्रभारी शिवम्‌ भार्गव ने बताया कि 6 से 14 जून तक आयोजित इस कथा महोत्सव में प्रतिदिन शाम 4 बजे से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। उन्होंने बताया कि महोत्सव में अगले चरण के तहत कल से राजन जी महाराज के मुखारविंद से पावन श्रीराम कथा का वाचन होगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार कथा में उपस्थित होकर आध्यात्मिक लाभ लेने का आग्रह किया है।

## महापौर द्वारा छोटी रपट से सीवर लाइन शिफ्टिंग कार्य का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के निर्देश पर सिंहस्थ 2028 के तहत श्रद्धालुओं की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए शहर में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य के साथ-साथ मार्ग चौड़ीकरण के कार्य भी चल रहे हैं इसी के साथ रामघाट छोटी रपट पर भी पुलिया का निर्माण कार्य वर्तमान में प्रचलित है जिसमें नगर निगम पीएचई विभाग द्वारा पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है उक्त कार्य का निरीक्षण गुरुवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा जल कार्य विभाग के प्रभारी श्री प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में किया गया पाइपलाइन शिफ्टिंग के अंतर्गत सीवर और वाटर सप्लाई की पाइपलाइन को छोटी रपट से शिफ्ट किया जाएगा जिससे 800 एमएम डाया, 600 एमएम डाया एवं 300 एमएम डाया की पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है वर्तमान में पाइपलाइन शिफ्टिंग हेतु स्टैंड बनने का कार्य पूर्णता की ओर है शीघ्र ही पाइपलाइन को शिफ्ट किया जाएगा।

## महाप्रभुजी की बैठक में सजी छाक लीला की झांकी, मनोरथ के साथ गरबा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत शहर की पुष्टिमार्गीय हवेलियों में प्रतिदिन विशेष मनोरथ आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महाप्रभुजी की बैठक पर ट्रस्टी विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में छाक लीला का मनोरथ आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण जब ग्वाल-बालों के साथ गाय चराने जंगल पधारे थे, उस प्रसंग को सांझी की झांकी के माध्यम से साकार किया गया। झांकी दर्शन कर श्रद्धालुओं को मथुरा में ठाकुरजी के साथ गाय चराने जैसी अलौकिक अनुभूति हुई। पुष्टिमार्ग में पूरे वर्षभर होने वाले मनोरथों के दर्शन इस एक माह में करने का विशेष महत्व है।

ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी मंदिर में चार हिंडोला मनोरथ के पश्चात विशाल गरबे का आयोजन किया गया। नवरात्रि की तर्ज पर अधिक मास में यह विशेष आयोजन श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल और महिला मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर जयेश श्रॉफ, परेशा नीमा, अमित नागर, विशाल नीमि और आनंद पुरोहित सहित बड़ी संख्या में वैष्णवजन उपस्थित थे।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

एतदर्थं कुलीनानां नृपाः कुर्वन्ति संग्रहम्।
आदिमध्यावसानेषु न त्यजन्ति च ते नृपम्॥

अर्थ: कुलीन लोग आरम्भ से अन्त तक साथ नहीं छोड़ते। वे वास्तव में संपत्ति का धर्म निभाते हैं। इसलिए राजा लोग कुलीनों का संग्रह करते हैं ताकि समय-समय पर सत्परामर्श मिल सके।

## खबर एक नजर...

### पुलिस बनकर रोका, मोबाइल बंद कराया 30 लाख रुपए से भरा बैग लूट कर ले गए

**इंदौर।** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में गुरुवार रात खुद को पुलिसकर्मी बताने वाले दो बदमाशों ने स्क्रैप कारोबारी के रिश्तेदार से करीब 30 लाख रुपए लूट लिए। घटना रात करीब 8:20 बजे जायसवाल धर्मशाला के पास की है। रामचंद्र नगर निवासी मुकुल अग्रवाल (22) कुछ व्यापारियों से कलेक्शन कर एक्टिवा से रानीपुरा से होते हुए मच्छी बाजार की तरफ आ रहा था। उसके पास 29 लाख 61 हजार रुपए से भरा बैग था। डीसीपी सुनील मेहता के अनुसार, मुंह पर रूमाल बांधे दो बदमाश एक्टिवा से मुकुल का पीछा करते हुए पहुंचे। गली में एक बदमाश ने चलती गाड़ी में हाथ पकड़कर युवक को रोक लिया और कहा कि हम पुलिस हैं। फिर मुकुल का मोबाइल छीनकर बंद कर दिया। इसके बाद नकदी से भरा बैग लेकर कहा कि हमारे पीछे आजा। फिर वह दोनों बदमाश फरार गए। मोबाइल चालू करता तब तक बदमाश भाग गए युवक मुकुल ने बताया कि मैं अपना मोबाइल ऑन कर रहा था। इसी बीच दोनों बदमाश बैग लेकर भाग निकले। मैंने तत्काल पीछा भी किया, लेकिन वे आसपास की गलियों में होते हुए कहीं रफूचक्कर हो गए। घटना के बाद उन्होंने परिवार को सूचना दी।

### इंदौर यशवंत क्लब चुनाव में पम्मी छाबड़ा बनाम जैन पैनल, 28 जून को वोटिंग

**इंदौर।** यशवंत क्लब में होने वाले चुनाव को लेकर पम्मी छाबड़ा और सचदेवा-गोरानी टीम आमने-सामने हैं। इस बार टोनी सचदेवा और संजय गोरानी के लगातार दो कार्यकाल पूरे हो जाने के कारण वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनकी पैनल ने अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र जैन और सचिव पद के लिए विजय कस्तूरी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, पम्मी पैनल की ओर से अध्यक्ष पद के लिए पम्मी छाबड़ा और सचिव पद के लिए अतुल सेठ चुनाव लड़ रहे हैं। मौजूदा कार्यकारिणी में टोनी सचदेवा अध्यक्ष, संजय गोरानी सचिव, विपिन कूलवाल सहसचिव और आदित्य कासलीवाल कोषाध्यक्ष हैं। क्लब की कार्यकारिणी के नौ पदों के लिए 28 जून को मतदान होगा। चुनाव परिणाम भी इसी दिन शाम 5 बजे तक घोषित कर दिए जाएंगे। सचिव पद के लिए कुलविंदर सिंह गिल और कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए निशांत तिवारी ने निर्दलीय उम्मीदवारी घोषित की है। ऐसे में सचिव पद पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है।

### पॉश इलाके के बंगले के अउ में ब्लास्ट, धू-धू कर जली बिल्डिंग

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के पॉश इलाके शिव शक्ति नगर स्थित एक आलीशान बंगले में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि इसकी लपटें और काले धुएं का गुबार दूर-दूर से दिखाई दिया। घटना रिवाज गार्डन के ठीक पीछे स्थित एक बंगले की है। दमकलकर्मी लगातार 8 हजार लीटर पानी की बौछार कर आग पर काबू पाने में सफल हुए। जानकारी के मुताबिक शिव शक्ति नगर स्थित रितेश राजेन्द्र दुबे के बंगला नंबर 5 में करीब 12 बजे आग लगी थी। जिस पर 2 घंटे की मशक्त के बाद काबू पा लिया गया। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, भीषण गर्मी के चलते बंगले में चल रहे एयर कंडीशनर (अउ) में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट के तुरंत बाद एसी में एक जोरदार ब्लास्ट (धमाका) हुआ, जिसने देखते ही देखते पूरे बंगले को अपनी चपेट में ले लिया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी सहम गए। बंगले में जैसे ही आग फैली, अंदर मौजूद परिवार और स्टाफ के बीच अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। आग की लपटों के कारण लोग अंदर ही फंस गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग (फायर ब्रिगेड) को दी। सूचना मिलते ही कनाड़िया थाना पुलिस और दमकल विभाग की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। फायर फाइटर्स ने जान जोखिम में डालकर बंगले में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### शोरूम में आए युवक-युवती, सोने की ईयर रिंग चुराकर ले गए

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित रिलायंस ज्वेल्स शोरूम में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने बुधवार को अज्ञात युवक और युवती के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी शाहरुख पुत्र शरीफ शेख निवासी कुबेर नगर, सिविल लाइन ने शिकायत दर्ज कराई है। शाहरुख आर्बिट मॉल के सामने स्थित सत्यराज बिल्डिंग में रिलायंस ज्वेल्स शोरूम में काम करता है। बताया गया कि 4 जून की रात शोरूम में आभूषणों की काउंटिंग की जा रही थी। इसी दौरान सोने की एक ईयर रिंग का सेट कम मिला। इसके बाद शोरूम के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें एक युवक और युवती करीब 30 मिनट तक शोरूम में आभूषण देखते नजर आए। आरोप है कि दोनों ने ज्वेलरी देखने के बहाने सोने की ईयर रिंग छिपाकर चोरी कर ली। मामले में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज की पेन ड्राइव भी सौंपी गई है। वहीं सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दुकान का ताला तोड़कर करीब 2 लाख रुपए चोरी कर लिए। पुलिस के अनुसार फरियादी रामचंद्र सूरजानी निवासी क्रांति कृपलानी नगर की भैया इलेक्ट्रिकल्स के नाम से मेन सियागंज रोड पर दुकान है।

---

ब्रिक्स सम्मेलन में आज शिवराज सिंह की मौजूदगी में विशेष कृषि संवाद, खाद्य सुरक्षा पर बनेगी रणनीति

# 20 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ इंदौर में जुटे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ब्रिक्स कृषि सम्मेलन का शुक्रवार को चौथा दिन है। आज कृषि मंत्रियों का विशेष संवाद आयोजित होगा। इसका विषय लघु किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के माध्यम से भविष्य की खाद्य सुरक्षा रखा गया है।

इस सत्र में कृषि क्षेत्र में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी, डिजिटल तकनीकों के उपयोग, जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों और टिकाऊ खेती के मॉडल पर चर्चा होगी। दोपहर 3 बजे विदेशी डेलीगेट्स को मांडू किले का भ्रमण कराया जाएगा और रात भव्य गाला डिनर का आयोजन होगा।



आज इस सम्मेलन में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शामिल रहेंगे। भारत की अध्यक्षता में हो रहे इस सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों सहित करीब 20 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और कृषि विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं।

सम्मेलन में कृषि, खाद्य सुरक्षा, जलवायु अनुकूल खेती, कृषि नवाचार, किसानों की आय बढ़ाने और वैश्विक कृषि सहयोग जैसे अहम विषयों पर मंथन किया जा रहा है। आयोजन को भारत और मध्यप्रदेश के लिए कृषि क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**13 जून को होगी कृषि मंत्रियों की मुख्य बैठक-** 13 जून को ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की मुख्य बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें सदस्य देशों के बीच कृषि सहयोग मजबूत करने, खाद्य हानि कम करने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श होगा। बैठक के अंत में साझा सहमति और सुझावों पर आधारित एक महत्वपूर्ण दस्तावेज भी तैयार किया जाएगा।

**ब्रिक्स वाटिका बनेगी-** सम्मेलन के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए विशेष ब्रिक्स वाटिका विकसित की जाएगी। इसमें सभी सदस्य देशों के प्रतिनिधि सामूहिक पौधारोपण करेंगे। यह पहल प्रकृति संरक्षण और सतत विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक मानी जा रही है।

### चार प्रमुख विषयों पर रहेगा फोकस

सम्मेलन में मुख्य रूप से चार विषयों पर चर्चा केंद्रित रहेगी। खाद्य सुरक्षा, पोषण और आजीविका। कृषि व्यापार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग। जलवायु अनुकूल और टिकाऊ कृषि। कृषि एवं खाद्य प्रणालियों में नवाचार और साझेदारी।

### मध्यप्रदेश को मिलेगा वैश्विक मंच

विशेषज्ञों के अनुसार, यह सम्मेलन केवल अंतरराष्ट्रीय आयोजन नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश को वैश्विक कृषि, निवेश और नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने का बड़ा अवसर भी है। इससे प्रदेश की कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात संभावनाओं को नई पहचान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

---

इंदौर में जान बचाकर भागे लोग, 4 घायल, भीड़ ने टैंकर में की तोड़फोड़

# नगर निगम के टैंकर ने कई वाहनों को रौंदा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के पटेल ब्रिज पर गुरुवार दोपहर नगर निगम का पानी का टैंकर बेकाबू हो गया। टैंकर को अपनी ओर आता देख लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। अनियंत्रित टैंकर ने कई कारों और बाइकों को टक्कर मार दी, जिससे 4 लोग घायल हो गए।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक हादसा टैंकर के ब्रेक फेल होने से हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टैंकर अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क पर आगे बढ़ते हुए वाहनों को टक्कर मारता चला गया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे से नाराज लोगों ने टैंकर में तोड़फोड़ कर दी।

**चालक ने फुटपाथ पर चढ़ाकर रोका टैंक-** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक ने स्थिति को भांपते हुए टैंकर को फुटपाथ की ओर मोड़ दिया। इससे वाहन रुक गया और बड़ा हादसा टल गया। लोगों का कहना है कि यदि टैंकर आगे बढ़ता रहता तो कई और वाहन इसकी चपेट में आ सकते थे।



### हादसे के बाद चालक फरार

घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली। लोगों का आरोप था कि खराब हालत वाले वाहन को सड़क पर उतारा गया था।

### 3-4 कारें और 2 बाइक क्षतिग्रस्त

हादसे में तीन से चार कारें और दो बाइक क्षतिग्रस्त हुई हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई वाहनों को नुकसान पहुंचा। टैंकर में सवार एक व्यक्ति के भी घायल होने की सूचना है। हालांकि किसी गंभीर जनहानि की खबर नहीं है।

---

# श्री गिरनार समर्पण मीटिंग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

गिरनार यात्रा 2026 हेतु इंदौर में 14 जून रविवार को महाबैठक, उदासीन आश्रम इंदौर में जुटेगा सकल जैन समाज। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि 9 जुलाई गुरुवार को गिरनार आह्वान यात्रा का इंदौर आगमन, एवं 20 जुलाई सोमवार को गिरनार जी में चढ़ेगा, निर्वाण लाडू लाखों भक्तों की सन्निधि में। संयोजक मयंक जैन ने कहा कि आप आये, अपनों को लाएं एवं सभी तीर्थरक्षकों को भी लाये- सकल जैन समाज से अपील अपने अपने सुझाव और सहयोग से यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लें। दद्दू ने कहा कि गिरनार यात्रा 2026 को ऐतिहासिक बनाने हेतु सकल जैन समाज, इंदौर द्वारा गिरनार समर्पण मीटिंग का आयोजन 14 जून 2026, रविवार शाम 8 बजे श्री दिगंबर जैन उदासीन आश्रम, इंदौर में किया गया है। यात्रा संयोजक मंयक जैन ने बताया कि 18 जुलाई को इंदौर से हजारों की संख्या में गिरनार के लिए प्रस्थान करेंगे और 20 जुलाई सोमवार 2026 को गिरनार जी में निर्वाण लाडू अर्पण कर 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ की निर्वाण भूमि पर पुरे भारत से समाज बंधुओं द्वारा भक्ति का महापर्व मनाया जाएगा। सभी तीर्थरक्षकों को निमंत्रण सकल जैन समाज, दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद इंदौर ने विशेष आग्रह किया है- आप आये, सभी तीर्थरक्षकों, सभी संगठनों, सोशल ग्रुप फेडरेशन, महासमिति एवं समस्त महिला संगठन भी मिटिग में अवश्य पधारें। बैठक में इंदौर से प्रस्थान और निर्वाण लाडू समर्पण हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। आप सभी के सुझाव और सहयोग से यात्रा को ऐतिहासिक बनाएं का संकल्प लिया गया है।

**गिरनार का महत्व-** गिरनार जी जैन धर्म का पंचम कल्याणक क्षेत्र है जहां भगवान नेमिनाथ को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। जैन समाज ने ठाना है निर्वाण लाडू चढ़ाना सर्वोच्च पुण्य कमाना है। इस बार इंदौर से भव्य गिरनार यात्रा के प्रस्थान को लेकर पूरे मालवा में उत्साह है।

---

# राजा रघुवंशी हत्याकांड में फिर उठी सीबीआई जांच की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में राजा के भाई विपिन रघुवंशी एक बार फिर सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब एक लड़की से जुड़े मामले में सीबीआई जांच हो सकती है, तो लड़के के मामले में क्यों नहीं। उनका तर्क है कि यह मामला भी बेहद चर्चित है और इसमें दूसरे राज्य का भी एंगल जुड़ा हुआ है। ऐसे में राजा रघुवंशी हत्याकांड की सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए।

बता दें कि इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी अपनी पत्नी सोनम रघुवंशी के साथ हनीमून पर शिलांग गए थे। आरोप है कि वहां सोनम ने अन्य लोगों के साथ मिलकर राजा की हत्या कर दी और शव को खाई में फेंक दिया। घटना के बाद वह फरार हो गई थी, लेकिन बाद में पुलिस ने सोनम सहित सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल सोनम जमानत पर बाहर है।

ऐसे में राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और व्यापक जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंपा जाना चाहिए।

**लड़के के मामले में सीबीआई जांच क्यों नहीं-** विपिन का कहना है कि इस मामले में जल्द से जल्द सीबीआई जांच होनी चाहिए। क्योंकि सोनम जमानत पर बाहर है और वह सबूतों को नष्ट कर सकती है। हमारी राज्य सरकार से यही मांग है कि इस मामले की भी सीबीआई जांच कराई जाए। सीबीआई जांच होने पर हमारे भाई राजा को जल्द न्याय मिल सकेगा।

---

एक्टिवा सवार दो बदमाश बैग छीनकर भागे, तीन थानों की पुलिस जांच में जुटी

# इंदौर में कलेक्शन एजेंट से 30 लाख की लूट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के पंढरीनाथ इलाके में गुरुवार रात एक कलेक्शन एजेंट से करीब 30 लाख रुपए की लूट हो गई। एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम देते हुए पैसों से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए।

बैग में बर्तन व्यापारियों का कलेक्शन रखा हुआ था। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें दोनों आरोपी एजेंट से बैग छीनते हुए साफ नजर आ रहे हैं।



जानकारी के मुताबिक घटना निहालपुरा क्षेत्र की है, जहां रात करीब साढ़े आठ बजे मुकेश अग्रवाल नामक कलेक्शन एजेंट बर्तन बाजार और मोहनपुरा क्षेत्र के व्यापारियों से वसूली कर लौट रहा था। इसी दौरान एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने उसे रोका, धमकाया और हाथ से बैग छीनकर फरार हो गए।

**डीसीपी बोले- बदमाशों की गिरफ्तारी में जुटी टीमें-** वारदात के बाद मुकेश रात करीब 9 बजे पंढरीनाथ थाने पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी भी थाने पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल के अनुसार मामले की जांच के लिए तीन थानों की पुलिस को लगाया गया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस अब बदमाशों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

---

एक्टर और ब्लॉगर बनने आया था भारत, मुंबई में सब लुटने के बाद 5 महीने भटका, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और प्रशासन ने कराई टिकट

# इंदौरियों की मदद से अपने वतन लौटेगा नीदरलैंड का युवक

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मुंबई की मायानगरी में ठगी और चोरी का शिकार होकर पिछले पांच महीनों से भारत के अलग-अलग शहरों में भटक रहे नीदरलैंड (एम्स्टर्डम) के नागरिक लुसियानो को आखिरकार इंदौर ने नई उम्मीद दे दी।

इंदौर के सामाजिक संगठनों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, जिला प्रशासन और आम लोगों की मदद से अब वह अपने देश लौट रहा है।

करीब एक महीने पहले बेबसी की हालत में इंदौर पहुंचे लुसियानो के रहने, खाने और अन्य जरूरतों की व्यवस्था की गई। महाकाल संस्था और जिला प्रशासन के सहयोग से करीब 35 हजार रुपए का हवाई टिकट भी कराया गया।

लुसियानो शुक्रवार रात इंदौर से कनेक्टिंग फ्लाइट के जरिए मुंबई होते हुए एम्स्टर्डम शिफोल के लिए रवाना होगा।





**एक्टर और ब्लॉगर बनने आया था भारत-** लुसियानो ने बताया कि वह बॉलीवुड में करियर बनाने और ट्रैवल व्लॉगिंग के सपने के साथ भारत आया था। शुरूआत में उसने कई शहरों की यात्रा की, वीडियो बनाए और सोशल मीडिया कंटेंट तैयार किया।

इसके बाद वह मुंबई पहुंचा, जहां उसने कई कास्टिंग एजेंसियों के चक्कर लगाए, लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया।

मुंबई में उसका सामान और पैसे चोरी हो गए। इसके बाद वह पूरी तरह बेसहारा हो गया। जैसे-तैसे लोगों से मदद मांगकर दिल्ली पहुंचा, लेकिन वहां भी कोई सहारा नहीं मिला। बाद में लोगों की सलाह पर वह इंदौर आ गया।

**कई दिन सड़कों पर गुजारे-** इंदौर आने के बाद भी उसके पास रहने और खाने तक के पैसे नहीं थे। उसने कई दिन सड़कों पर गुजारे। इसी दौरान सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अंश तिवारी, एबी मधुरम और उनकी टीम को उसके बारे में जानकारी मिली। टीम ने उसे होटल में ठहराया और भोजन सहित जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराईं।

भाषा की समस्या के बावजूद टीम ने अंग्रेजी के जरिए उसकी बात समझी और हर संभव मदद की। लुसियानो को भारतीय भोजन कम पसंद आ रहा था, इसलिए टीम ने उसकी पसंद के अनुसार पिज्जा, बर्गर और अन्य खाने की व्यवस्था भी की। इस दौरान उसे इंदौर के प्रसिद्ध छप्पन दुकान और सराफा बाजार भी घुमाया गया।

भावुक होकर लुसियानो ने कहा कि इंदौर में बिताए गए पिछले कुछ दिन उसकी जिंदगी के सबसे अच्छे दिनों में शामिल रहेंगे।

### महाकाल संस्था और प्रशासन ने संभाली जिम्मेदारी

मामले की जानकारी मिलने के बाद महाकाल संस्था के जयू जोशी और करीम खान ने जिला प्रशासन से संपर्क किया। कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में टिकट और अन्य खर्चों की व्यवस्था कराई गई। करीम खान ने बताया कि विदेशी नागरिक होने के कारण पूरी कानूनी प्रक्रिया भी पूरी की गई। लुसियानो के दस्तावेज, यात्रा रिकॉर्ड और पुलिस सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही उसकी वापसी सुनिश्चित की गई।

### इंदौर की सौगात लेकर लौटेगा लुसियानो

- इंदौर छोड़ने से पहले शहरवासियों ने उसके लिए खास तैयारी भी की। उसे कपड़ों और जरूरी सामान की शॉपिंग कराई गई। सफर के लिए खाने-पीने की सामग्री के साथ इंदौर की मशहूर नमकीन और मिठाइयां भी भेंट की गईं।
- लुसियानो ने कहा कि भारत में उसका अनुभव कठिन जरूर रहा, लेकिन इंदौर ने उसे इंसानियत और अपनापन दिखाया। अब वह अपने देश लौटकर जिंदगी की नई शुरूआत करेगा।

# वैचारिक अध्ययन और शोध को मिलेगी नई दिशा-प्रो अर्पण भारद्वाज

## सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय को भेंट किया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर आधारित 15 खंडों की पुस्तकों का सेट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




भारतीय चिंतन, राष्ट्र निर्माण और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित 15 खंडों की महत्वपूर्ण पुस्तक श्रृंखला का संपूर्ण सेट गुरुवार को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन को भेंट किया गया। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की सतत शिक्षा अध्ययनशाला में निदेशक डॉ. सुशील कुमार शर्मा और संभागीय जनसंपर्क कार्यालय के उप संचालक श्री अरुण कुमार राठौर ने यह पुस्तक सेट विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज को सौंपा। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की सतत शिक्षा अध्ययनशाला और पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला को जनसंपर्क संचालनालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाशित 15 खण्ड के पुस्तकों का वांग्मय शोध और जनमानस में प्रसारित करने हेतु प्रेषित किया गया जिसे अध्ययनशाला के कार्यालय में कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज ने प्राप्त किया।

इस 15 खण्ड के पुस्तकों का वांग्मय कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज को सौंपते हुए संयुक्त संचालक श्री अरुण राठौर ने पुस्तक श्रृंखला की विशेषताओं, विषयवस्तु तथा वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने पुस्तकों के वांग्मय के बारे में बताते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, अंत्योदय और राष्ट्रहित के मूल्यों से प्रेरित रहा है। पुस्तक श्रृंखला में उनके जीवन दर्शन, वैचारिक दृष्टिकोण, संगठन क्षमता, राजनीतिक चिंतन तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की अवधारणा का विस्तृत वर्णन किया गया है। इसी कड़ी में सतत शिक्षा अध्ययनशाला के निदेशक डॉ. सुशील कुमार शर्मा ने इस 15 खण्ड के पुस्तकों के वांग्मय पर कहा कि यह पुस्तक श्रृंखला विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। विद्यार्थियों को भारतीय विचार परंपरा, राजनीतिक चिंतन और सामाजिक सरोकारों को समझने के लिए प्रामाणिक साहित्य की आवश्यकता होती है। यह पुस्तक संग्रह उस आवश्यकता की पूर्ति करेगा तथा शोध और थीसिस कार्यों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराएगा। इस 15 खण्ड के पुस्तकों के वांग्मय के लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य श्री महेश चंद्र शर्मा हैं, जिन्होंने वर्षों के अध्ययन और शोध के आधार पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों एवं कार्यों का विस्तृत दस्तावेजीकरण किया है। श्री शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रचारक का दायित्व भी निभा चुके हैं। पुस्तकों में दीनदयाल उपाध्याय के भाषणों, लेखों, पत्राचार, संगठनात्मक योगदान, सामाजिक दृष्टिकोण तथा एकात्म मानववाद के सिद्धांतों का समग्र संकलन किया गया है। कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज ने इस 15 खण्ड के पुस्तकों का वांग्मय प्राप्ति पर कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा ही नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा और वैचारिक विरासत से जोड़ने का भी कार्य कर रहा है यह पुस्तक श्रृंखला विश्वविद्यालय पुस्तकालय में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और अध्यापकों के अध्ययन हेतु उपलब्ध रहेगी। साथ ही विभिन्न विषयों के अध्ययन-अध्यापन में भी इसका उपयोग किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संग्रह विद्यार्थियों के वैचारिक विकास और शोध कार्यों को नई दिशा प्रदान करेगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सनोलिया, रविंद्र सिंह रघुवंशी (नागदा) भी मौजूद थे।



## अधूरी पड़ी पुलिया के लिए किया चक्का जाम अधिकारियों ने दिया लिखित आश्वासन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसा ग्राम असावती से लगे ग्राम भड़का व रोला सहित अन्य दर्जनों ग्राम के हजारों ग्रामीण विगत 12 वर्षों से अधूरे पड़े ब्रिज निर्माण से बुरी तरह परेशान हो रहे ग्रामीणों ने कई मर्तबा गुहार लगाई परंतु शासन प्रशासन कोई तवज्जो नहीं दे रहा तो जावरा सीतामऊ मार्ग पर गुरुवार को प्रातः से ही ग्रामीणों ने चक्का जामकर धरना प्रदर्शन किया। सेतु विभाग के लिखित आश्वासन पश्चात धरना समाप्त कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने को कहा गया। ग्राम के युवा नेता दीपक परमार ने बताया कि चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन किया जा रहा था तब लंबे समय पश्चात सेतु निगम के सब इंजीनियर पहुंचे नायब तहसीलदार वैभव जैन एवं पुलिस प्रशासन ने धरने पर बैठे ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जब ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने असावती भड़का एवं रोला ग्राम की पुलिया को अस्थाई तौर पर शीघ्र प्रारंभ करने की मांग रखी।

### हाईवे से गुजर रहे कंटेनर से घरेलू सामान के 12 बॉक्स गायब

**शाजापुर।** हाईवे से गुजर रहे माल वाहक से 12 बॉक्स चोरी होने के मामला सामने आया है। मामले में वाहन चालक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार विनसम एक्सप्रेस इंडिया लिमिटेड का कंटेनर इंदौर से घरेलू सामान के 64 बॉक्स लेकर फरीदाबाद जा रहा था। कंटेनर चालक वीरेंद्र नागर अपने सहयोगी आशुल नागर के साथ 3 जून 2026 को सुबह करीब 1.30 बजे इंदौर से रवाना हुए थे। रात करीब 3.10 बजे मक्सी बायपास पर एक अन्य ट्रक चालक ने वीरेंद्र नागर को कंटेनर का गेट खुला होने की सूचना दी। इसके बाद रोजवास टोल प्लाजा के पास कंटेनर को रोककर जांच की गई। जांच में पाया गया कि कंटेनर की सील टूटी हुई थी और अंदर रखे 64 बॉक्स में से 12 बॉक्स गायब थे।

# दीवार तोड़कर मुर्रा भैंस चुराने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, 11 लाख रुपए का मशरूका जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर



जिला पुलिस कप्तान द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों और चोरों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कालापीपल थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने क्षेत्र के कोहड़ी गांव में हुई पशु चोरी के मामले का चंद दिनों में पदार्फाश करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई कीमती मुर्रा भैंस, एक पाड़ी और वारदात में इस्तेमाल किया गया बोलेरो पिकअप वाहन जब्त किया गया है। जब्त किए गए कुल मशरूके की कीमत करीब 11 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है। पकड़ा गया एक आरोपी पचोर क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ पूर्व में हत्या और हत्या के प्रयास जैसे कई संगीन मामले दर्ज हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 7 जून को कोहड़ी निवासी फरियादी राजकुमार पिता गंगाधर चन्द्रवंशी ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने उसके बाड़े की दीवार और खिड़की तोड़कर अंदर बंधी करीब 90 हजार रुपये की मुर्रा भैंस और 40 हजार रुपये कीमत की एक पाड़ी चोरी कर ली है। फरियादी की रिपोर्ट पर कालापीपल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शाजापुर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) शुजालपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक रवि भंडारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर तंत्र की मदद से अथक प्रयास करते हुए कंजरपुरा पचोर निवासी बसंत पिता सोहन हाड़ा 33, मेला ग्राउंड पचोर निवासी अजय योगी पिता रमेशचन्द्र योगी और आजाद पिता सीताराम को घेराबंदी कर दबोच लिया।

# मैरिज गार्डन विवाद में घायल बुजुर्ग की इंदौर में मौत, 5 नामजद सहित अन्य पर हत्या का केस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

शहर के हाट मैदान स्थित अपना मैरिज गार्डन में बीते दिनों हुए खूनी संघर्ष में घायल इंदौर के एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ सीधे हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने 5 आरोपियों को नामजद किया है, जबकि 4-5 अन्य अज्ञात हमलावरों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद से ही सभी आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

जानकारी के अनुसार बीती 31 मई को मैरिज गार्डन में इंदौर और शाजापुर के दो पक्षों के बीच लड़का-लड़की से जुड़े एक पारिवारिक विवाद को सुलझाने के लिए बैठक बुलाई गई थी। बातचीत के दौरान अचानक दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। इस हमले में इंदौर से आए 64 वर्षीय बुजुर्ग मकसूद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें इंदौर रेफर कर दिया था। इंदौर के अस्पताल में इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया।

### इंदौर में शून्य पर मर्ग कायम, शाजापुर पुलिस को सौंपी डायरी

चूंकि बुजुर्ग मकसूद की मौत इंदौर के अस्पताल में हुई थी, इसलिए नियमानुसार इंदौर पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद केस से जुड़ी डायरी शाजापुर की कोतवाली पुलिस को भेजी गई। कोतवाली पुलिस ने मर्ग डायरी और शुरूआती जांच के आधार पर बुधवार रात करीब 8 बजे मामले को हत्या की धाराओं में तब्दील कर दिया। मृतक के बेटे के बयानों और जांच के आधार पर कोतवाली पुलिस ने पांच मुख्य आरोपियों को नामजद किया है, जिनमें अनस और जुनेद निवासी गिरवर रोड, शाजापुर, आदिल पिता खालिद, निवासी सीहोर, माजिद खान, मुनाफ पिता माजिद खान, निवासी मंसूरी कॉलोनी, शाजापुर शामिल हैं। इनके अलावा घटना में शामिल 4 से 5 अन्य अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

बुजुर्ग की मौत के बाद मर्ग डायरी के आधार पर 5 नामजद सहित अन्य के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। वारदात के बाद से ही आरोपी अपने घरों से फरार हैं। पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर दी गई हैं, जो आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**संतोष वाघेला, थाना प्रभारी, कोतवाली शाजापुर।**

### नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

मन्दसौर। गरोठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढाबा में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका इंदिरा बाई का शव बुधवार रात को घर के अंदर फंदे से लटका हुआ मिला। इस घटना के बाद गुरुवार को अस्पताल परिसर में मायके और ससुराल पक्ष के बीच भारी तनाव और बहस देखने को मिली, जिसके चलते स्थिति को संभालने के लिए पुलिस बल तैनात करना पड़ा। मृतका के भाई पप्पू राठौर ने आरोप लगाया है कि उनकी बहन को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था और उनके जीजा ईश्वर गरासिया ने मारपीट कर उसकी हत्या की है। दूसरी ओर, मृतका के ससुर प्रेम सिंह गरासिया ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे देर रात की आत्महत्या बताया है। थाना प्रभारी बलवीर सिंह यादव ने जानकारी दी कि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है और निष्पक्ष जांच के लिए डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### जिला स्तरीय जीव विज्ञान एवं गणित विषयो के प्रशिक्षण का शुभारंभ

**बड़वानी, ।** बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार तथा उक्त विषयो की गुणवत्ता संवर्धन के उद्देश्य से जिला स्तरीय विषय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 10 जून 2026 को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़वानी में किया गया। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य श्री मुस्तकीम खांन ने बताया कि जिले के लगभग 56 विषय शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में सहभागिता की। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर श्री विनोद सागर प्राचार्य, शा .उ. माध्यमिक विद्यालय लोनसरा, श्री अजय यादव, शा. उत्कृष्ट उ मा विद्यालय बड़वानी एवं सुश्री भारती पाटीदार, पीएम श्री शासकीय बालक उ. मा. विद्यालय बड़वानी द्वारा किया गया।प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें उक्त विषयो के महत्वपूर्ण बिंदुओं, प्रभावी अध्यापन तकनीकों तथा आगामी त्रैमासिक परीक्षा की तैयारी से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### पुलिस ने मकान के आंगन से बाईक चोरी करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन



पुलिस ने शास्त्री नगर में एक मकान के आंगन से चोरी हुई मामले में चोरों को पकडने में सफलता हासिल की है। इस मामले में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो बाईकें जब्त की है। एक आरोपी पर पूर्व में आर्म्स एक्ट का प्रकरण भी दर्ज है। गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए कोतवाली पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर निवासी ने थाना कोतवाली खरगोन पर सूचना दी कि 4 जून को उसके किराये के मकान के सामने खड़ी बाईक चोरी हो गई। पुलिस ने मामले में घटनास्थल व आसपास के संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेजो का संकलन किया। फुटेज खंगालने पर अजय उर्फ गोरेलाल पिता सदु चौहान निवासी ग्राम भीलखेड थाना चैनपुर को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया। पूछताछ में ने साथी समुद्र पिता कांशीराम निवासी मोमदिया थाना बिस्टान के साथ बाईक चोरी करना कबूला। इसके अलावा ५ जून की रात्रि को कस्बा बिस्टान से भी एक बाईक चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने अजय उर्फ गोरेलाल व समुद्र को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी की दोनों बाईकें जब्त की। पुलिस रिकार्ड खंगालने पर अजय के खिलाफ पूर्व में आर्म्स एक्ट का प्रकरण पाया गया।

# पुरुषोत्तम मास में देहदान- शिक्षक परिवार ने लिया प्रेरणादायी निर्णय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



अधिकमास यानी पुरुषोत्तम मास में दान का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे पावन समय में नेत्र एवं देहदान करना समाज को नई दिशा देने वाला पुण्य कार्य है। ऐसा ही अनुकरणीय कार्य शिक्षक गौड निवासी रेलवे कॉलोनी परिवार ने किया।

रेलवे स्कूल के रिटायर्ड शिक्षक स्व. दिग्विजय सिंह पिता गणेशी लाल गौड उम्र 92 वर्ष के बुधवार दोपहर निधन के उपरांत उनके एवं रेलवे स्कूल से ही रिटायर पत्नी के द्वारा संयुक्त रूप से रतलाम डॉक्टर लक्ष्मी नारायण पांडे मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन अवसर पर में लिए गए संकल्प के अनुसार परिवार ने तुरंत काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव गोविंद काकानी से संपर्क किया। महज 4 घंटे के भीतर उनके नेत्र दान का पुनीत कार्य बड़नगर गीता भवन ट्रस्ट से डॉक्टर ददरवाल द्वारा परिवारजन व नेत्रम संस्था के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। परिजनों एवं क्षेत्र निवासियों के अंतिम दर्शन के बाद आज सुबह उनका देहदान संपन्न हुआ। देहदान के पूर्व निवास स्थान रिटायर रेलवे कॉलोनी पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अंतिम यात्रा घर से निकाल कर डॉ लक्ष्मी नारायण पांडे मेडिकल कॉलेज पहुंची जहां पर मानव संरचना विभाग प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र सिंगरौले ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए अंग एवं देहदान के महत्व पर प्रकाश डाला। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ अनीता मुथा ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा लिए गए प्रेरणादायक निर्णय से देहदान के कार्य में गति मिली है।

इसी के फल स्वरुप आज 50 वा देहदान मेडिकल कॉलेज को प्राप्त हुआ देहदान के पुनीत कार्य में काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन एवं समाजसेवी संस्थाओं का सराहनीय योगदान सदैव मिलता है।

# कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने विशेष जनसंपर्क अभियान में दी मोदी सरकार के कार्यों की जानकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने इस अभियान के तहत शहर के प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उन्हें मोदी सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

श्री काश्यप ने रतलाम शहर विधानसभा में विशेष जनसंपर्क अभियान की शुरूआत मुखर्जी मंडल के सुयोग परिसर स्थित पद्मश्री डॉ. लीला जोशी के निवास पहुंच कर की। डॉ. जोशी ने श्री काश्यप का स्वागत किया, तत्पश्चात श्री काश्यप ने उनकी चिकित्सा क्षेत्र में की जा रही सेवाओं का उल्लेख करते हुए सरकार द्वारा इस दिशा में किए गए कार्यों की जानकारी दी। श्री काश्यप ने बाद में साहित्यकार डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला और समाजसेवी हिम्मत गेलड़ा के निवास पहुंचकर केन्द्र सरकार के कार्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. चांदनीवाला ने इस दौरान श्री काश्यप का शॉल-श्रीफल से अभिनंदन कर प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा 4399 दिन पूर्ण कर इतिहास बनाये जाने की बधाई दी। जनसंपर्क के दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयुर पुरोहित, महामंत्री विवेक शर्मा, श्रेत्रीय पार्षद अनिता जयेश वसावा, समाजसेवी दिनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

श्री काश्यप ने कुशाभाऊ ठाकरे मंडल में काटजू नगर स्थित डॉ. विपीन माहेश्वरी और शास्त्री नगर स्थित समाजसेवी सुशील छाजेड़ के निवास पहुंचकर जनसंपर्क किया। बाद में गुलमोहर कॉलोनी स्थित उद्योगपति बी.एल. पुरोहित के निवास पहुंचकर उनके परिवार को भी सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। इस दौरान आर.डी.ए. अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी शैलेन्द्र डागा, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, महामंत्री भूपेन्द्र कावड़िया, पार्षद स्मिता राजेश माहेश्वरी, मनीषा विजय सिंह चौहान एवं पत्रकार सुरेन्द्र छाजेड़ आदि उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### रोजगार मेला लगेगा 16 जून को लगेगा

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश शासन की रोजगारोन्मुखी योजनान्तर्गत कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन में बेरोजगार आवेदको को रोजगार मुहैया कराने के लिये जिले में 16 जून मंगलवार को प्रातः 11 बजे से प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में युवा संगम ( रोजगार मेला ) का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजित रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 4 कम्पनियो के प्रतिनिधियो द्वारा बेरोजगार आवेदको का साक्षात्कार पश्चात चयन किया जायेगा । जिला रोजगार अधिकारी श्री टीएस डूडवे से प्राप्त जानकारी अनुसार युवा संगम मेले में केडीएस इन्टरप्राइजेस पीथमपुर की कम्पनी द्वारा तकनीशियन कम आपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, पेंटर, फिटर के महिला, पुरूष के 80 पदो के लिये साक्षात्कार लिया जायेगा । वेतनमान 13 हजार 25 हजार रुपए दिया जायेगा । शैक्षणिक योग्यता 8वी से 12वी तथा आईटीआई एवं आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होना चाहिये । इसी प्रकार क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड इन्दौर केन्द्र मैनेजर के 25 पद के लिये साक्षात्कार लेकर चयन किया जायेगा । इन पदो के लिये वेतनमान 12250 रुपए प्रतिमाह तथा शैक्षणिक योग्यता 12वी से अधिक एवं आयु 18 वर्ष से अधिक होना चाहिये । वहीं रेवा फ्लोरा बोरलाय जिला बड़वानी में लेब आपरेटर महिला के 20 पदो के लिये साक्षात्कार कर चयन किया जायेगा ।

### अधिक मास के पावन अवसर पर महादेव का भवानी स्वरूप में अलौकिक श्रृंगार

**शाजापुर।** पवित्र अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के उपलक्ष्य में स्थानीय धानमंडी स्थित प्राचीन एवं श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में इन दिनों भक्ति का अनूठा माहौल देखा जा रहा है। इसी कड़ी में मंदिर में भगवान भोलेनाथ का एक अत्यंत ही दिव्य और अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। अधिक मास के विशेष योग पर मंदिर पुजारी पंडित ओमप्रकाश गोस्वामी द्वारा भगवान ओंकारेश्वर महादेव का भात से विशेष श्रृंगार किया गया। पुजारी ने अपनी अनूठी कला और अगाध श्रद्धा से महादेव के शिवलिंग को साक्षात भवानी स्वरूप में परिवर्तित कर दिया। श्रृंगार में माता भवानी के मुखमंडल, त्रिनेत्र और आभूषणों को भात एवं प्राकृतिक रंगों के माध्यम से इतनी सूक्ष्मता से उकेरा गया कि साक्षात देवी प्रतिमा के दर्शन की अनुभूति हो रही थी। शाम की महाआरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और जय माता दी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर समिति के अनुसार, अधिक मास के चलते पूरे महीने मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान, अभिषेक और विशेष श्रृंगार के आयोजन अनवरत जारी रहेंगे। आरती के पश्चात उपस्थित भक्तों को बाबा के इस अलौकिक रूप के महाप्रसाद का वितरण भी किया गया।

### भाई की मौत के सदमे में वृद्धा ने खाया जहर, उपचार के दौरान तोड़ा दम

**शाजापुर।** भाई के निधन का गहरा सदमा एक बहन बर्दाश्त नहीं कर पाई और उसने भी जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मामला पोलायकलां तहसील के ग्राम भेरूपुरा का है, जहां 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने अपने भाई की मौत से व्यथित होकर सल्फास की गोली खा ली। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### कुछ समय पहले भाई ने भी की थी खुदकुशी

जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान सुंदरबाई 70 वर्ष पति भागीरथ सिंह, निवासी ग्राम भेरूपुरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कुछ समय पूर्व सुंदरबाई के भाई ने भी अज्ञात कारणों के चलते सल्फास का सेवन कर लिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। इकलौते भाई की अचानक हुई इस मौत के बाद से सुंदरबाई गहरे मानसिक तनाव और अवसाद में थीं। भाई की मौत के गम में डूबी सुंदरबाई ने इसी तनाव के चलते घर में रखी सल्फास की गोली गटक ली। तबीयत बिगड़ते ही परिजनों को घटना की भनक लगी, जिसके बाद वे आनन-फानन में उन्हें भेरूपुरा से शाजापुर लेकर पहुंचे। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया था, लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके और उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक संपन्न

बड़वानी। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में समय-सीमा और अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, आगामी त्योहारों की कानून व्यवस्था और विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचना ही प्रशासन की प्राथमिकता है।

### ट्रम्प का दावा- ईरान के सुप्रीम लीडर को डील मंजूर

# नए हमले रद्द; समझौता पूरी तरह तय होने तक नाकेबंदी लागू रहेगी- अमेरिकी राष्ट्रपति




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने नई डील पर मंजूरी दे दी है। हालांकि, ईरान ने अब तक इस दावे की आधिकारिक पुष्टी नहीं की है।

व्हाइट हाउस में एक रिपोर्टर से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा, नई डील के मुताबिक ईरान ने मंजूर किया है कि वह कभी भी परमाणु हथियार नहीं रखेगा और डील होते ही होर्मुज स्ट्रेट को भी खोल दिया जाएगा। इससे पहले, ट्रम्प ने ईरान पर शुक्रवार को भीषण बमबारी करने और उसके तेल निर्यात के मुख्य केंद्र खार्ग द्वीप पर कब्जा करने की धमकी दी थी। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ नए हवाई हमले और बमबारी रद्द कर दी हैं। उन्होंने फैसला बदलने की वजह ईरानी नेतृत्व से बातचीत को सबसे ऊंचे स्तर पर पहुचंना बताया। हालांकि, ट्रम्प ने यह भी साफ किया कि जब तक समझौता पूरी तरह तय नहीं हो जाता, तब तक होर्मुज स्ट्रेट पर अमेरिकी नाकेबंदी लागू रहेगी।

लेबनान के विदेश मंत्री यूसुफ रागी ने फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बारो से मुलाकात कर इजराइल-हिजबुल्लाह संघर्ष को खत्म करने के प्रयासों पर चर्चा की। बैठक के बाद जारी जानकारी के मुताबिक, बारो ने इजराइल के साथ मध्यस्थता वाली वार्ता में शामिल होने के लेबनानी सरकार के रुख को साहसिक बताया। रागी ने उम्मीद जताई कि ये बातचीत युद्धविराम और इजराइली सेना की पूरी वापसी का रास्ता खोलेगी।




### हिजबुल्लाह का दावा- लेबनान में इजराइली सेना पर 24 हमले किए

हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने दक्षिणी लेबनान और बेका घाटी क्षेत्र में इजराइली सेना के ठिकानों, सैनिकों और बख्तरबंद वाहनों पर 24 हमले किए हैं। समूह के मुताबिक, बुधवार से गुरुवार के बीच ड्रोन, मिसाइल और रॉकेट हमलों के जरिए कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। हिजबुल्लाह ने कहा कि तैयर हारफा के पास अल-रजमान इलाके में इजराइली सैनिकों और सैन्य वाहनों के जमावड़े पर चार बार हमला किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका ने आज ईरान के साथ युद्ध खत्म कर दिया है। सीनेट उम्मीदवार बैरी मूर के समर्थन में आयोजित एक टेली-रैली में ट्रंप ने कहा, ईरान ने कभी परमाणु हथियार नहीं बनाने पर सहमति जताई है और हम इसी पर अड़े हुए थे।

## बिहार में बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत, राजस्थान-पंजाब में ओले गिरे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

मौसम विभाग ने दिल्ली में गुरुवार रात कई इलाकों में तेज हवाएं चलने के बाद आंधी-तूफान और बिजली गिरने का रेड अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में 70-90`स्त्रँ की रफ्तार से हवाएं और कई इलाकों में धूल भरी आंधी भी चल सकती है। वहीं, गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून का असर है। राजस्थान के अलवर, कोटपूतली-बहरोड़, श्रीगंगानगर में गुरुवार को बारिश के साथ ओले गिरे। जयपुर में हॉस्पिटल के बाहर कार पर पेड़ गिर गया।

बिहार के 12 जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा में बिजली गिरने से पति-पत्नी समेत 9 लोगों की मौत हो गई। यूपी में प्री-मानसून में 52 शहरों में बारिश हुई। इसके अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में भी बरसात हुई। मानसून ने गुरुवार को बिहार में एंट्री कर ली है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भी यह आगे बढ़ गया है। 4 जून को केरलम में एंट्री के बाद से मानसून 8 दिन में 17 राज्यों तक पहुंच चुका है। अगले 2-3 दिनों इसके में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है। आज 22 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। इनमें राजस्थान, एमपी, यूपी, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, केरलम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर और नगालैंड शामिल हैं। गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है। बारिश के बावजूद यूपी, दिल्ली, राजस्थान, एमपी, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना और हरियाणा के कई शहरों में पारा 40त्ड से ज्यादा रहा।

## सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट में मिली सजा रद्द की

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट में मिली सजा रद्द कर दी। कोर्ट ने यह फैसला इसलिए लिया, क्योंकि आरोपी और पीड़िता ने बाद में शादी कर ली और आरोपी ने पीड़िता को 10 लाख रुपए का मुआवजा भी दिया। कोर्ट का कहना है कि बालिग होने के बाद पीड़िता ने आरोपी से शादी कर ली थी। पीड़िता ने ही उसकी सजा रद्द करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। कोर्ट ने कहा कि आरोपी और पीड़िता अब समाज में पति-पत्नी की तरह शांतिपूर्वक जीवन जीने के लिए स्वतंत्र हैं। 2019 में ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई थी। मद्रास हाई कोर्ट ने सजा सस्पेंड कर दी थी, लेकिन 2021 में केस खत्म करने की पीड़िता की याचिका खारिज कर दी। इसके बाद आरोपी सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए फैसला सुनाया। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार है कि वह अपने पास लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कोई भी आदेश पारित कर सके।

# अमेरिका का होर्मुज के पास ऑयल टैंकर पर मिसाइल अटैक: 3 भारतीय लापता





**अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट के पास 'सेत्तेबेल्लो' नाम के ऑयल टैंकर पर मिसाइल हमला किया, जिससे जहाज के इंजन रूम में आग लग गई। इस टैंकर पर 28 क्रू मेंबर थे, जिनमें 24 भारतीय शामिल थे। हादसे के बाद 21 भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि 3 भारतीय अब भी लापता हैं।**

हमले के समय पलाऊ के झंडे वाला यह टैंकर ओमान के सोहार बंदरगाह से करीब 37 किलोमीटर दूर मौजूद था। इस घटना पर भारत सरकार ने कड़ी नाराजगी जताई है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि ओमान में भारतीय दूतावास स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन पर नजर रखे हुए है। लापता भारतीयों का पता लगाने की कोशिश जारी है। मामले की गंभीरता देखते हुए भारत ने नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजदूत (चार्ज द अफेयर्स) जेसन मीक्स को तलब किया है। होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी अपाचे हेलिकॉप्टर गिरने के बाद अमेरिका ने ईरान पर जवाबी हमले किए। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि हेलिकॉप्टर ईरान ने गिराया था, जबकि तेहरान ने हर हमले का जवाब देने की चेतावनी दी। रिपब्लिकन रैली में ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ईरान के खिलाफ बढ़त बनाए हुए है और अगले दो हफ्तों में ₹टोटल विक्ट्री₹ घोषित करेगा। उन्होंने कहा कि इससे तेल की कीमतें भी नीचे आएंगी। इजराइली सेना प्रमुख एयाल जामिर ने कहा कि हालिया ऑपरेशन सिर्फ शुरूआत थी। जरूरत पड़ने पर इजराइल ईरान पर और बड़े हमले करने के लिए तैयार है।

## अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी मिसाइल हमले में 13 की मौत, इनमें 11 बच्च


**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान ने मंगलवार रात अफगानिस्तान के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए। अफगान तालिबान सरकार के मुताबिक इन हमलों में 13 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 11 बच्चे, एक महिला और एक बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 14 महिलाएं घायल हुई हैं। तालिबान ने दावा किया है कि हमलों में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया।

तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त तथा पक्तिका प्रांतों में आम लोगों के घरों पर बमबारी की। उन्होंने सोशल मीडिया पर घायलों की तस्वीरें भी साझा कीं और इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। वहीं पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि उसने खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमला किया। पाकिस्तानी सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के मुताबिक इस ऑपरेशन में 26 भारत समर्थित आतंकवादी मारे गए और चार बड़े आतंकी ठिकाने पूरी तरह तबाह कर दिए गए। पाकिस्तान का कहना है कि निशाना बनाए गए ठिकानों में ट्रेनिंग सेंटर, हथियारों का गोदाम और दो आतंकी कमांडरों के ऑपरेशन सेंटर शामिल थे। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 9 जून को एक बॉर्डर चौकी पर हुए हमले में पाकिस्तान के छह सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक हमले के दौरान आठ आतंकवादी भी मारे गए। अधिकारियों ने दावा किया कि हमलावरों ने सीमा चौकी पर कब्जा करने की कोशिश की थी। पाकिस्तान लंबे समय से कहता रहा है कि उसकी सैन्य कार्रवाई आतंकवादी संगठनों के खिलाफ है, खासकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के खिलाफ।

## सिर काटने की कोशिश के बाद आयरलैंड-ब्रिटेन में भड़के दंगे, प्रदर्शनकारियों के निशाने पर प्रवासी

# घर-दुकानें लूटीं; गाड़ियों में आग लगाई



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेलफास्ट**


आयरलैंड के बेलफास्ट में एक आयरिश व्यक्ति का सिर काटने की कोशिश के विरोध में शुरू हुआ प्रदर्शन बुधवार को बड़े एंटी-इमिग्रेशन दंगों में बदल गया। ?आयरलैंड और ब्रिटेन में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर हिंसा, आगजनी और लूटपाट की घटना सामने आई। बेलफास्ट और उसके आसपास के इलाकों में नकाबपोश भीड़ ने घरों, दुकानों, बसों और कारों को निशाना बनाया।

बेलफास्ट के न्यूटाउनार्ड्स रोड पर कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया शैंकिल में दो दुकानें लूट ली गईं और एक अफ्रीकी प्रवासी की दुकान को आग के हवाले कर दिया गया। लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर व स्कॉटलैंड के ग्लासगो में भी प्रवासी विरोधी प्रदर्शन के दौरान जमकर हिंसा हुई। हिंसा की शुरूआत बेलफास्ट में चाकूबाजी की घटना के बाद हुई। सूडान के एक शरणार्थी का एक आयरिश व्यक्ति से विवाद हो गया था। इसी बीच हादी ने चाकू से उसका गला काटने की कोशिश की थी। हमले में 40 वर्षीय आयरिश व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। इस वारदात का वीडियो वायरल होते ही प्रदर्शन की अपीलें तेज हो गईं थीं। पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी घटना का आरोपी हादी अलोदिद सूडान से पेरिस और फिर डबलिन आया था। 2023 में वह बेलफास्ट पहुंचा और शरण मांगी। उसे ब्रिटेन में 2028 तक रहने की अनुमति मिल गई थी।



# दिल्ली होटल अग्निकांड में पुलिस जांच पर उठे गंभीर सवाल

## रसूखदारों को बचाने रसोइए को बनाया बलि का बकरा, हादसे में अब तक गईं 23 जानें




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित ह्यफ्लोरिस स्टेह्न होटल अग्निकांड मामले में दिल्ली पुलिस की जांच पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सिविल सोसायटी, सामाजिक कार्यकताओं और आम लोगों का आरोप है कि रसूखदार होटल मालिकों, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और पुलिस अधिकारियों को बचाने के लिए होटल के 65 वर्षीय रसोइए केशव सिंह नेगी को बलि का बकरा बनाया जा रहा है।

3 जून को हुए इस भयानक हादसे में अग्रवाल परिवार के 8 सदस्यों सहित नाइजीरिया, किर्गिस्तान, मोजाम्बिक, उज्बेकिस्तान, बांग्लादेश, कांगो, लाइबेरिया और इराक के 15 विदेशी नागरिकों समेत कुल 23 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 30 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस का आरोप है कि आग लगने पर रसोइया केशव दरवाजा और बिजली का स्विच बंद कर भाग गया था। पुलिस ने उस पर 5 गंभीर आपराधिक धाराएं लगाकर उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जिसका अब चौतरफा विरोध हो रहा है।



लोगों का कहना है कि होटल में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और खामियों की मुख्य जिम्मेदारी प्रबंधन और मालिकों की होती है, न कि वहां काम करने वाले किसी मामूली कर्मचारी की।

### लाइसेंस खत्म होने के बाद भी 2 महीने तक चलता रहा होटल

एमसीडी के सिटी जोन की पूर्व चेयरमैन रेणुका गुप्ता ने होटल हादसे के लिए जिम्मेदार अफसरों पर गैर-इरादतन हत्या (धारा 105) के तहत कार्रवाई न करने और गिरफ्तारी न होने पर सवाल उठाए। उन्होंने अवैध रूप से बने 20 कमरों के लिए बिल्डिंग विभाग के इंजीनियरों को जिम्मेदार ठहराया और मार्च में लाइसेंस खत्म होने के बाद भी होटल चलने देने के लिए दिल्ली टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (डीटीडीसी) की भूमिका पर सवाल उठाए।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सरदार इंद्रजीत सिंह निरमान ने इस मामले में स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनकी कार्यशैली पर बड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी नागरिकों को ठहराने वाले हर होटल या गेस्टहाउस के लिए 24 घंटे के भीतर ह्यफॉर्म सीह्न जमा करना कानूनन जरूरी है। स्थानीय पुलिस की जिम्मेदारी विदेशी मेहमानों का रिकॉर्ड रखने और उन पर नजर रखने की है, ताकि कोई संदिग्ध न रह सके।

### एसडीएम ने माना कि बिजली बंद होने से टला बड़ा हादसा

सिविल सोसायटी का कहना है कि केशव नेगी की गिरफ्तारी पूरी तरह गलत है। उस पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) समेत 5 धाराएं लगाई गई हैं। यह एक गैर-जमानती अपराध है, जिसमें 10 साल तक की जेल हो सकती है। धारा 105 तब लागू होती है जब किसी को पता हो कि उसके काम से मौत हो सकती है।

पुलिस का दावा है कि आग लगने पर बिजली बंद करने से अंधेरा हुआ, जिससे लोगों की जान गई। लेकिन, केशव नेगी ने फायर फाइटिंग के नियमों का पालन करते हुए सतर्कता दिखाई। ममगांई ने कहा कि वे सिविल डिफेंस के वालंटियर रहे हैं और फायर फाइटिंग, बचाव व आपातकालीन उपायों का प्रशिक्षण लिया है, जिसमें कहा जाता है कि आग से सुरक्षा के लिए विद्युत कनेक्शन बंद करना पहला कदम है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 12 जून, 2026

## सुभाषितानि

मूर्खस्तु परिहर्तव्यः प्रत्यक्षो द्विपदः पशुः।
भिनत्ति वाक्यशूलेन अदृश्ययं कण्टकं यथा ॥

**भावार्थ** : मूर्ख व्यक्ति को दो पैरोंवाला पशु समझकर त्याग देना चाहिए, क्योंकि वह अपने शब्दों से शूल के समान उसी तरह भेदता रहता है, जैसे अदृश्य कांटा चुभ जाता है।

प्रलये भिन्नमयार्दा भवन्ति किल सागराः।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधवः॥

**भावार्थ** : जिस सागर को हम इतना गम्भीर समझते हैं, प्रलय आने पर वह भी अपनी मर्यादा भूल जाता है और किनारों को तोड़कर जल-थल एक कर देता है ; परन्तु साधु अथवा श्रेठ व्यक्ति संकटों का पहाड़ टूटने पर भी श्रेठ मयार्दाओं का उल्लंघन नहीं करता। अतः साधु पुरुष सागर से भी महान होता है।

## सम्पादकीयम्

### हिंसा अनिवार्यतया प्रतिहिंसां जनयति

प्रायः २५० बालकैः सह १६०० तः अधिकाः सामान्याः नागरिकाः मारिताः सन्ति। संघर्षस्य प्रथमदिने एव तेहरान-नगरस्य समीपे मिनाब्-नगरस्य एकस्मिन् विद्यालये अमेरिकन-क्षेपणास्त्र-प्रहारेन शताधिकानां बालकानां प्राणाः गताः। किं इराणी-मातृणां दुःखं कल्पयितुं अपि आरब्धुं शक्यते येषां सन्तानं त्यक्तम् अस्ति अपि च, सम्पूर्णे पश्चिम एशियायाः जनानां दुर्दशां विचारयन्तु ये बम्ब-क्षेपणास्त्र-विस्फोटस्य नित्यं आतङ्के जीवनं यापयन्ति-एतत् युद्धं तेषां जीवनं सदायै परिवर्तयितुं शक्नोति इति भयम् अनुभवन्ति महात्मस्य दर्शनम्ः अमेरिका-देशः इजरायल्-देशः च अस्य युद्धस्य आवश्यकतारूपेण चित्रणं कुर्वन्ति, परन्तु तत् असत्यम् एव। युद्धेन समाधानं न प्राप्यते। हिंसा अनिवार्यतया प्रतिहिंसां जनयति, क्रमेण मानवतायाः तत्त्वं एव त्याजयति। युद्धस्य लाभार्थिनः एव शस्त्रनिमार्तारः, शक्तिदलालाः च सन्ति ये तस्य आडम्बरेण राष्ट्रवादस्य उन्मादं प्रहार्य स्वस्य अधिकारं सुदृढं कर्तुं प्रयतन्ते राष्ट्रपिता महात्मा गान्धी हिंसायाः सर्वदा विरोधं करोति स्म यतोहि तस्य मतेन यदि किमपि सकारात्मकं भवति इति भासते चेदपि सः परिणामः केवलं क्षणिकः एव भवति, यदा तु तस्य प्रतिकूलपरिणामाः स्थायिरूपेण भवन्ति युद्धस्य व्ययः।

### एचओडी रूपेण पोजं दत्वा धोखाधड़ी 90,000 छात्रं प्रलोभयति

# 2.44 लक्ष-रूप्यकाणां चोरी अभवत्

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल



राजधानीयां साइबर-धोखाधडस्य पृथक पृथक घटनाद्वयेन पुनः ऑनलाइन-घोटालानां वर्धमानं खतरा प्रकाशितम्। एकस्मिन् प्रसङ्गे साइबर-जालसाधकाः महाविद्यालयस्य विभागाध्यक्षस्य रूपेण अभिनयं कृत्वा एकां छात्रां तस्याः छात्रवृत्तिम्-उपाधिं च सुरक्षितुं प्रतिज्ञां कृत्वा प्रलोभितवन्तः, तदनन्तरं तस्याः पितुः बैंकखातेः 90,000 इत्येव सिफन् कृतवन्तः अन्यस्मिन् घटनायां मोबाईल-अद्यतन-प्रक्रियायाः अनन्तरं औषध-कम्पनी-अधिकारिणः खातेः प्रायः 2.44 लक्ष-रूप्यकाणां चोरी अभवत्। कजलीखेडापुलिसः प्रकरणानाम् रजिस्ट्रेशनं कृत्वा उभयविषयेषु अन्वेषणं आरब्धवान् अस्ति।

पुलिसस्य मते प्रथमः प्रकरणः इम्लियाग्रामस्य निवासी करीना यादवस्य विषये अस्ति, सा अद्यैव महाविद्यालयस्य शिक्षां सम्पन्नवती। कतिपयदिनानि पूर्वं तस्याः महाविद्यालयस्य विभागाध्यक्षः इति दावान् कृत्वा एकस्य व्यक्तिस्य फोनः आगतवान्। वातार्लापस्य समये अभियुक्ता छात्रायाः विश्वासं प्राप्तवान् यत् तस्याः छात्रवृत्तिः, उपाधिः च विषये औपचारिकताः पूर्णाः करणीयाः इति।

धोखाधड़ी प्रथमं छात्राय स्वस्य मोबाईल-सङ्ख्यां जियो-जालपुटे पोर्ट् कर्तुं सल्लाहं दत्तवती। आह्वानकर्त्री महाविद्यालयस्य अधिकारी इति विश्वासं कृत्वा छात्रा तस्य वचने विश्वासं कृत्वा निदेर्शानुसारं स्वस्य सिमकार्डं पोर्ट् कृतवती। तदनन्तरं अभियुक्ता पृष्टवती यत् सा यूपीआई-सेवानां कृते कस्य मोबाईल-सङ्ख्यायाः उपयोगं करोति इति। एतां सूचनां प्राप्य सः तस्याः मोबाईलस्य कृते एकं लिङ्कं प्रेषितवान् यत् छात्रवृत्ति-उपाधि-प्रक्रियायाः अन्तिमरूपेण निर्धारणाय तत् क्लिक कृत्वा आवेदनपत्रं प्रस्तूय आवश्यकम् इति।

छात्रः किमपि शङ्कां विना लिङ्क क्लिक कृत्वा निदेर्शान् अनुसृत्य अभवत्। अस्मिन् क्रमे साइबर-जालसाधकाः तस्याः बैंक-व्यवस्थायां प्रवेशं प्राप्तवन्तः। ततः किञ्चित्कालानन्तरं तस्याः पितुः बैंकखातेः विविधव्यवहारद्वारा कुलम् ९०,००० रुप्यकाणि निष्कासितानि। कटौतीसम्बद्धानि मोबाईलसूचनाः प्राप्तुं आरब्धानि तदा परिवारः अवगच्छत् यत् तेषां वञ्चनं कृतम् अस्ति। तदनन्तरं पीडिता काजलीखेडा-पुलिस-स्थानकं गत्वा शिकायतां दातुं गता।

पुलिसेन उक्तं यत् साइबर-जालसाधकाः छात्रस्य विश्वासं प्राप्तुं सामाजिक-इञ्जिनीयरिङ्गस्य उपयोगं कुर्वन्ति; तान्त्रिकप्रक्रियायाः आडम्बरेण ते तां वञ्चयित्वा तस्याः बैंकखातेः विवरणं प्रकाशयित्वा तान् प्रवेशं दत्तवन्तः। सम्प्रति तकनीकीसाक्ष्याणि एकत्रितानि सन्ति, तत्र सम्बद्धानां मोबाईलसङ्ख्यानां, लिङ्कानां, बैंकखातानां च अन्वेषणं क्रियते।

अस्मिन् एव पुलिस-स्थानक्षेत्रे साइबर-धोखाधड़ी-प्रकरणस्य द्वितीयः प्रकरणः उद्भूतः अस्ति, यत्र लक्ष्मी-परिसर-नगरस्य निवासी अङ्कित-शिवहारे-इत्यनेन सह सम्बद्धः अस्ति। अङ्कित् औषधकम्पन्यां कार्यं करोति। सः पुलिसं सूचितवान् यत सः मे २५ दिनाङ्के स्वस्य मोबाईलफोनस्य सॉफ्टवेयरं अपडेट् कृतवान् ततः किञ्चित्कालानन्तरं तस्य बैंकखातेः धनस्य कटौतीविषये निरन्तरं सूचनाः प्राप्तुं आरब्धाः

प्रारम्भे सः तान्त्रिकदोषस्य शङ्काम् अकरोत्, परन्तु तस्य खातेः विवरणं पश्यन् सः ज्ञातवान् यत् विभिन्नैः ऑनलाइन-व्यवहारैः कुलम् २,४४,००० धनं निष्कासितम् अस्ति महत्त्वपूर्णं निष्कासनं ज्ञात्वा सः तत्क्षणमेव बैंकाधिकारिभिः सह सम्पर्कं कृत्वा स्वस्य खातेः सुरक्षिततायै प्रक्रियां आरब्धवान्। तदनन्तरं अंकितशिवहारे औपचारिकशिकायतां दातुं कजलीखेडापुलिसस्थानम् अगच्छत्। अज्ञातसाइबर अपराधिनां विरुद्धं पुलिसेन प्रकरणं रजिस्ट्रेशनं कृत्वा अन्वेषणं प्रारब्धम्। बैंकव्यवहार अभिलेखानां, मोबाईलदत्तांशस्य, डिजिटललॉग्, अन्येषां तकनीकीसाक्ष्याणां उपयोगेन।

### जागरूकता-अभियानस्य

# आरम्भार्थं सर्वकारस्य उपक्रमः महत्त्वपूर्णः सोपानः इति मन्यते

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

बृहत्परिमाणेन जागरूकता-अभियानस्य आरम्भार्थं सर्वकारस्य उपक्रमः महत्त्वपूर्णः सोपानः इति मन्यते। अभियाने विशेषजनजागरणकार्यक्रमाः, संगोष्ठीः, कार्यशालाः, सभाः, मादकद्रव्यस्य दुरुपयोगस्य हानिकारकप्रभावेषु केन्द्रीकृताः अन्तरक्रियाशीलसत्राः च भविष्यन्ति। विशेषज्ञाः विभिन्नेषु शैक्षणिकसंस्थासु छात्रान् व्यसनस्य खतराणां विषये शिक्षयिष्यन्ति।

मातापितरौ अपि संवेदनशीलाः भविष्यन्ति येन ते स्वसन्ततिषु व्यवहारपरिवर्तनं समये एव ज्ञातुं शक्नुवन्ति। अस्मिन् अभियाने मुम्बईपुलिसः, स्वास्थ्यविभागः, शिक्षाविभागः, सामाजिकन्यायविभागः च इत्यादयः अनेकाः सर्वकारीयसंस्थाः भागं गृह्णन्ति अवैधमादकद्रव्यव्यापारस्य निवारणार्थं कानूनप्रवर्तनकायाणां पार्श्वे जागरूकताकार्यक्रमानाम् अपि समानं महत्त्वं भविष्यति। अधिकारिणः मन्यन्ते यत् केवलं गिरफ्तारीद्वारा कानूनीकार्याणि च कृत्वा समस्यायाः समाधानं कर्तुं न शक्यते; अस्य त्रासस्य विरुद्धं समाजस्य एकीकरणं तथैव अत्यावश्यकम्।

अभियानस्य भागरूपेण सामाजिकमाध्यमानां, डिजिटलमञ्चानां च व्यापकरूपेण उपयोगः भविष्यति। युवानां कृते विविधाः आन्लाईन-क्रियाकलापाः, जागरूकता-सन्देशाः च प्रसारिताः भविष्यन्ति। तदतिरिक्तं, अभियानस्य सन्देशः व्यापकतमानां प्रेक्षकाणां कृते प्राप्तुं सुनिश्चित्य प्रमुखाः व्यक्तिः, कलाकाराः, क्रीडकाः, सामाजिककार्यकर्तारः च अस्मिन् उपक्रमे सम्मिलितुं योजनाः सन्ति मादकद्रव्य-मुक्तमुम्बई इति उपक्रमः केवलं नारा-मात्रात अधिकं भवतु इति।

### राज्यसभा निर्वाचने भाजपा विजय; त्रयः अपि अभ्यर्थिनः निर्विरोधरूपेण निर्वाचिताः

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्यप्रदेशात् राज्यसभासीटत्रयस्य निर्वाचने भारतीयजनतापक्षेण महती सफलता प्राप्ता, येन स्वस्य त्रयाणां प्रत्याशिनां निर्विरोधनिर्वाचनं सुरक्षितं जातम्। गुरुवासरे नामाङ्कनप्रक्रियायाः निर्वाचन औपचारिकतानां च समाप्तेः अनन्तरं रिटर्निंग आफिसर अरविन्द शर्मा इत्यनेन भाजपायाः सवेर्षां उम्मीदवारानाम् निर्विरोधरूपेण निर्वाचितं घोषयित्वा तेषां निर्वाचनप्रमाणपत्राणि प्रदत्तानि। निर्विरोधरूपेण निर्वाचितानाम् अभ्यथीर्नां मध्ये भाजपा राष्ट्रियमहासचिवः तरुणचुघः, वरिष्ठनेता रजनीश अग्रवालः, महेशकेवलः च सन्ति। एतेषां त्रयाणां नेताराणाम् विजयेन राजनैतिकवृत्तेषु राज्यसभायां भाजपायाः स्थितिः।

### राशिफल

**मेष** : काम समय पर पूरे होंगे और मेहनत का पूरा फायदा मिलेगा। नौकरी हो या बिजनेस आपको आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं।

**वृषभ** : आज मन शांत रहेगा और कई काम आसानी से बनते नजर आएंगे। पैसों के मामले में राहत मिल सकती है।

**मिथुन** : आज कुछ नया सीखने या करने का मौका मिल सकता है। ऑफिस में आपकी तारीफ हो सकती है।

**कर्क** : आज आप जल्दबाजी से बचें और आराम से फैसले लें। घरवालों का पूरा साथ मिलेगा।

**सिंह** : आज आपका कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा। काम में सफलता मिलेगी और लोग आपकी बात सुनेंगे।

**कन्या** : आज आपको अपनी मेहनत का अच्छा रिजल्ट मिलेगा। रुका हुआ काम आगे बढ़ सकता है।

**तुला** : नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताकर मन खुश रहेगा।

**वृश्चिक** : आज का दिन थोड़ा बिजी रह सकता है। नौकरी से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**धनु** : आज हर काम सोच-समझकर करें। जल्दबाजी में लिया गया कोई भी फैसला नुकसान करा सकती है।

**मकर** : आज आपकी मेहनत फाइनली रंग लाएगी। ऑफिस में जिम्मेदारी बढ़ सकती है लेकिन उसका फायदा भी मिलेगा।

**कुंभ** : आज मन खुश रहेगा और नए आइडिया काम आएंगे। किसी पुराने दोस्त से बात हो सकती है।

**मीन** : आज आपकी कई इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। परिवार का साथ मिलेगा और काम में सफलता मिलने से खुशी होगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# मंगल करेंगे कृत्तिका नक्षत्र में गोचर, 20 दिनों तक इन राशि वालों को मिलेगा जबरदस्त लाभ

मंगल का नक्षत्र परिवर्तन कुछ राशियों के मान-सम्मान में वृद्धि और रुके हुए कार्यों में सफलता मिलने के संकेत दे रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, सूर्य और मंगल की संयुक्त शुभ ऊर्जा कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी भी साबित हो सकती है।

ग्रहों के सेनापति मंगल 16 जून 2026 को कृत्तिका नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। मंगल इस नक्षत्र में लगभग 20 दिनों तक विराजमान रहेंगे। ज्योतिषीय दृष्टि से यह गोचर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि कृत्तिका नक्षत्र के स्वामी सूर्य देव हैं और सूर्य व मंगल के बीच मित्रता का संबंध माना जाता है। ऐसे में यह गोचर कुछ राशियों को साहस,



आत्मविश्वास और निर्णय लेने की शक्ति में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आ सकता है। खास बात यह है कि, इस अवधि में इन जातकों को विशेष लाभ करियर, आर्थिक और समाजिक स्तर पर देखने को मिल सकते हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**मेष राशि-** मेष राशि के स्वामी स्वयं मंगल हैं, इसलिए कृत्तिका नक्षत्र में मंगल का गोचर आपके लिए अच्छे परिणाम लेकर आ सकता है। इस समय आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। खास बात यह है कि, कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग ला सकती है। प्रेम प्रसंग में नजदीकियां बढ़ेंगी। इसके अलावा नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। व्यापार में विस्तार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिलेगा। संतान की खुशी के लिए नया वाहन लेने का मन बना सकते हैं।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों पर सूर्य और मंगल दोनों की विशेष कृपा रहने की संभावना है। इस दौरान आपके अधूरे कार्य पूरे हो सकते हैं। साथ ही लंबे समय से चली आ रही परेशानियों में राहत मिल सकती है। शुभचिंतक आपकी परेशानियों को दूर करने में काफी मददगार साबित होंगे। रुके हुए धन की प्राप्ति के योग बन सकते हैं। नौकरी में प्रमोशन के क्षेत्र में आपको सकारात्मक समाचार मिल सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आत्मविश्वास के बल पर आप कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सफल रहेंगे।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के स्वामी भी मंगल हैं, इसलिए यह गोचर आपके लिए आर्थिक लाभ लेकर आ सकता है। मेहनत रंग लेकर आएगी और धन लाभ के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। वहीं निवेश से जुड़े मामलों में लाभ मिलने की संभावना है। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा। करियर-कारोबार में अनुकूलता बनी रहेगी। अचानक से पिकनिक-पार्टी का प्रोग्राम बन सकता है। व्यापारियों को अच्छी कमाई हो सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। लव पार्टनर के साथ सुखद समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। करियर में आगे बढ़ने के नए रास्ते खुल सकते हैं।

### साउथ अफ्रीका को 2-0 से हराया, जूलियन-जिमेनेज ने गोल किए, 3 प्लेयर्स को रेड कार्ड

# मैक्सिको ने फीफा वर्ल्डकप 2026 का पहला मैच जीता

ब्रह्मास्त्र ›› मैक्सिको





मैक्सिको ने फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 का ओपनिंग मैच जीत लिया है। टीम ने साउथ अफ्रीका को 2-0 से हराया। मुकाबले के 9वें मिनट में मैक्सिको के जूलियन क्विनोनेस ने गोल किया। इसके बाद 67वें मिनट में स्ट्राइकर राउल जिमेनेज बेहतरीन हेडर लगाकर बढ़त दोगुनी कर दी।

मैक्सिको सिटी के एज्टेका स्टेडियम में रेफरी ने 3 रेड कार्ड दिए। साउथ अफ्रीका के स्पेफेलो सिथोले और थेम्बा ज्वाने को रेड कार्ड मिला। वहीं मैक्सिको के सेसर मोंटेस को एक्स्ट्रा टाइम में रेड कार्ड दिखाया गया।

**जूलियन ने पहला गोल किया-** मैक्सिको को बढ़त 9वें मिनट में मिली। साउथ अफ्रीका के कप्तान और गोलकीपर रोनवेन विलियम्स की गलती टीम पर भारी पड़ गई। विलियम्स के बैकपास का फायदा उठाकर जूलियन क्विनोनेस ने टूर्नामेंट का पहला गोल दाग दिया। 44वें मिनट में क्विनोनेस का शॉट गोल पोस्ट से टकराकर बाहर आ गया। दूसरी ओर साउथ अफ्रीका पहले हाफ में अटैक नहीं कर सकी और हाफ टाइम तक 1-0 से पीछे रही।

**जिमेनेज के गोल से बढ़त दोगुनी हुई-** 67वें मिनट में मैक्सिको के रोबर्टो अल्वाराडो ने क्रॉस डाला। इस पर स्ट्राइकर राउल जिमेनेज ने हेडर लगाकर गेंद को गोल में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ मैक्सिको ने अपनी बढ़त 2-0 कर ली और मैच अपने नाम कर लिया।

**मैच में 3 रेड कार्ड-** दूसरे हाफ की शुरूआत में साउथ अफ्रीका के मिडफील्डर स्पेफेलो सिथोले को रेड कार्ड मिला। 49वें मिनट में गोल की ओर बढ़ रहे ब्रायन गुटिएरेज को सिथोले ने पीछे से फाउल कर दिया। रेफरी ने इस पर रेड कार्ड दिखा दिया। साउथ अफ्रीका की मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। 84वें मिनट में थेम्बा ज्वाने को वॉयलेंट कंडक्ट के लिए रेड कार्ड दिखाया गया। इसके बाद साउथ अफ्रीका को 9 खिलाड़ियों के साथ मैच खेलना पड़ा। इंजरी टाइम में मैक्सिको के सेसर मोंटेस को भी गोल करने का मौका रोकने के कारण रेड कार्ड दिखाया गया।

**फीफा प्रेसिडेंट ने ट्रॉफी पेश की-** फीफा प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो ने फैंस के सामने वर्ल्ड कप ट्रॉफी पेश की। उनके साथ हॉलीवुड एक्ट्रेस सलमा हायेक भी मौजूद रहीं। ओपनिंग सेरेमनी में पॉप स्टार शकीरा और नाइजीरियाई कलाकार बर्ना बॉय ने टूनामेंट का ऑफिशियल सॉन्ग डाई-डाई गया। इससे पहले कोलंबियाई सिंगर जे बलवीन ने भी परफॉर्म किया।

वर्ल्ड कप के बीच मैक्सिको में विरोध प्रदर्शन भी जारी रहा। टीचर्स की सैलरी बढ़ाने और बेहतर सुविधाओं की मांग को लेकर लोग सड़क पर उतरे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सरकार सामाजिक समस्याओं को नजरअंदाज कर वर्ल्ड कप आयोजन पर ध्यान दे रही है।

### बांग्लादेश ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को वनडे सीरीज में हराया



ब्रह्मास्त्र ›› ढाका

बांग्लादेश ने गुरुवार को ढाका स्टेडियम में खेले गए दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही बांग्लादेश ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली।

यह क्रिकेट इतिहास में पहली बार है, जब बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को वनडे सीरीज में हराया है। बांग्लादेश ने सीरीज का पहला मैच डकवर्थ लुइस नियम के तहत 86 रन से जीता था।

**ऑस्ट्रेलिया के 3 विकेट शून्य पर गिरे -** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत किसी बुरे सपने की तरह रही। टीम ने बिना खाता खोले 3 विकेट गंवा दिए। पहले ओवर में तस्कीन अहमद ने मैथ्यू शॉर्ट को शून्य पर आउट किया। अगले ओवर में मुस्तफिजुर रहमान ने कूपर कॉनोली और मैट रेनशॉ को बिना खाता खोले पवेलियन भेजा।

### एशियन गेम्स के लिए भारतीय शूटिंग टीम घोषित

# मनु भाकर और ईशा सिंह दोनों पिस्टल इवेंट्स में खेलेंगे



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने 20वें एशियन गेम्स के लिए भारत की राइफल और पिस्टल टीम घोषित कर दी है। इसमें 30 खिलाड़ी शामिल हैं। शॉटगन टीम पहले ही चुनी जा चुकी है।

जापान के आईची-नागोया में होने वाले एशियन गेम्स 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होंगे। एशियाड के लिए जारी टीमें अगले महीने हांग्जो में होने वाले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप और अक्टूबर में काहिरा (मिस्त्र) वर्ल्ड कप में भी खेलेंगी।

एनआरएआई की लिस्ट के मुताबिक, पेरिस ओलिंपिक की डबल मेडलिस्ट मनु भाकर और 2022 एशियन गेम्स की स्टार ईशा सिंह 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल दोनों इवेंट्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। राइफल कैटेगरी में रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल और विदर्शा के. विनोद भी दो-दो इवेंट्स में खेलेंगे। एनआरएआई ने बताया कि टीम का चयन हाल ही में हुए 'नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स 4' के बाद नेशनल रैंकिंग और चयन नीति के आधार पर किया गया है। मेन्स 10 मीटर एयर राइफल में रुद्राक्ष पाटिल के साथ युवा शूटर पार्थ राकेश माने और हिमांशु ढिल्लों को जगह मिली है। 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इवेंट में रुद्राक्ष के साथ नीरज कुमार और वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर खेलेंगे।

## खबर एक नजर...

### चालक ने पर्ची मांगी तो टोल कर्मचारी ने डंडे से किया हमला

**उज्जैन।** 12 दिन पहले देवासरोड पालखंदा टोल नाके पर पिकअप चालक आशीष पिता भगवानसिंह डोरिया निवासी ग्राम भमोरी देवास अपने मालिक विष्णु अहिरवार के साथ पहुंचा था। उसने पिकअप का टोल टैक्स चुकाया और कर्मचारी से पर्ची मांगी। कर्मचारी ने पर्ची देने से मना कर दिया। इसी बात पर विवाद हुआ और कर्मचारी ने चालक को थप्पड़ मुक्के से मारपीट की। मालिक ने बीच-बचाव में आया तो उस पर डंडे से हमला कर दिया। विष्णु अहिरवार को गंभीर चोंट लगने पर चालक आशीष अस्पताल लेकर पहुंचा। 12 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी होने पर मामले की शिकायत नरवर थाना पुलिस को दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी बबलू मंडलोई ने बताया कि जांच के दौरान मारपीट करने वाले कर्मचारी का नाम हर्षवर्धनसिंह झाला निवासी नरवर सामने आया है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गौरतलब हो कि टोल नाकों पर आये दिन विवाद के मामले सामने आते है। टोल कर्मचारियों द्वारा वाहन चालकों से मारपीट की जाती है। पूर्व में भी कई मामले सामने आ चुके है।

### बदमाशों ने आयशर की तिरपाल काट चुराई बीज की बोरियां

**उज्जैन।** महाराष्ट्र से आयशर में सिया बीज लेकर चालक आकाश पिता दादाराव नरोटे निवासी कोथलज तालुक हिंगोली नीमच जा रहा था। खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम बेडावन्या से गुजरते समय रात के समय अज्ञात बदमाशों ने आयशर की तिरपाल काटकर बीज की 12 बोरी चोरी कर ली। चालक को दूसरे वाहन चालक द्वारा ट्रक कटिंग की सूचना दी गई तो चालक आकाश ने आयशर रोकी। बदमाश भाग निकले थे। मामले की शिकायत खाचरौद पुलिस को दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आशंका जताई कि ट्रक कटिंग को कंजर गिरोह के बदमाशों ने अंजाम दिया है।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**उज्जैन।** शिवधाम कालोनी में रहने वाले राजेश पिता तेजकरण पाटीदार 38 साल बुधवार शाम घर लौटा था और उल्टियां करने लगा। पत्नी ज्योति ने हालत बिगड़ती देखी तो अस्पताल लेकर पहुंची, जहां रात में उसकी मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर अस्पताल स्टॉफ ने मामले की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी और आशंका जताई कि राजेश ने जहरीला पदार्थ खाया था। पुलिस ने गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण सामने आ पायेगा। फिलहाल परिजनों ने घर में कोई विवाद या परेशानी नहीं होना बताया है।

### बदमाश ने रंगदारी कर मांगे रुपए

**उज्जैन।** मोहनगर में रहने वाला मयंक पिता गोपाल देवड़ा चाय की दुकान चलाता है। वह गयाकोटा मंदिर के पास मंगलनाथ रोड से लौट रहा था, उसी दौरान बदमाश पुनित उर्फ बच्चा ने रोका और रंगदारी करते हुए 5 हजार रुपए मांगने लगा। मंयक ने माना किया तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। चिमनगंज थाना पुलिस ने मयंक की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। पुनित के खिलाफ पूर्व में रंगदारी, मारपीट और अन्य धारा में प्रकरण दर्ज है।

### ससुराल से गिरफ्त में आया 2 साल से फरार स्थाई वारंटी



**उज्जैन।** वर्ष 2021 में हुई चोरी की वारदात में शामिल बदमाश मुकेश पिता रामलाल परमार निवासी कुंजड़ा गली खाचरौद को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। जहां से जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया था। न्यायालय पेशी पर उपस्थित नहीं होने पर उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस 2 सालों से उसकी तलाश में लगी थी। बुधवार-गुरूवार रात सामने आया कि स्थाई वारंटी अपने ससुराल ग्राम बरथुन भाटपचलाना आया हुआ है। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने प्रधान आरक्षक मुकेश राठौर, आरक्षक रवि बैरागी को गिरफ्तारी के लिये रवाना किया। जहां दबिश देकर फरार स्थाई वारंटी मुकेश परमार को हिरासत में लिया गया। जिसे गुरूवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी नलवाया के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में 3 से 4 चोरी के मामले दर्ज है। जमानत मिलने के बाद उसने अपना ठिकाना बदल लिया था और बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के बादीपुरा में रहने लगा था, वारंट जारी होने के बाद वहां से फरार हो गया था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 788-3 | 677-0 |
| मेन बाजार | 680-4 | 166-3 |
| मिलन डे | 458-7 | 490-3 |
| मिलन नाइट | 134-8 | 445-4 |

3 7 9


#### हिरासत में दिनदहाड़े चोरी करने वाला बदमाश, पूर्व में कर चुका था वारदात

# दोस्त के खेत में छुपा रखे थे 2.14 लाख रुपये के आभूषण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दिनदहाड़े ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी करने वाले शातिर बदमाश से कायथा में हुई चोरी की वारदात का खुलासा हुआ है। बदमाश ने 2.14 लाख के आभूषण चोरी करने के बाद शाजापुर में दोस्त के खेत में गड्ढा खोदकर छुपा दिये थे।

कायथा थाना प्रधान आरक्षक गोपाल पटेल ने बताया कि 25 मई को ग्राम बिरगोद में दिनदहाड़े सौदानसिंह के मकान में चोरी की वारदात होना सामने आया था। बिरगोद में कभी दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने नहीं आई थी। जिसके चलते मामले में संदेह बना था, बावजूद जांच शुरू की गई। सौदानसिंह से पूछताछ में सामने आया कि उसके गांव में 2 मकान है। वह तराना काम से गया था, पत्नी, बच्चे दूसरे मकान पर थे। जिस मकान में चोरी हुई उसकी कुंडी लगी थी। दोपहर में पत्नी दूसरे मकान से लौटकर आई तो उसने पेटी का ताला टूटा पाया था। जिसमें रखे पुस्तैनी आभूषण



गायब थे। मामले की गंभीरता से जांच शुरू की गई। इस बीच पता चला कि तराना के ग्रामीण क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी करते ग्रामीणों ने माखन पिता चंदरसिंह 40 साल निवासी ग्राम हनौती थाना मक्सी जिला शाजापुर को पकड़कर तराना पुलिस के सुपुर्द किया है। बिरगोद में हुई चोरी का माखनसिंह पर होते ही उसे पूछताछ के लिये एसआई पवनसिंह कुशवाह, आरक्षक पवन वर्मा, सुल्तान, सुरेन्द्र पांडे की टीम पहुंची। माखन से सख्त पूछताछ में बिरगोद की चोरी का सुराग मिल गया। तराना पुलिस की पूछताछ के बाद माखनसिंह को प्रोटेक्शन रिमांड पर लिया गया। जिसे कायथा लाकर पूछताछ करने पर सामने आया कि उसने शाजापुर में ठिकाने लगाये है। आभूषण बरामद के लिये बदमाशों को शाजापुर ले जाया गया, जहां उसने बरगलाने का प्रयास शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद उसने कबूल किया कि दोस्त के खेत में गड्ढा खोदकर आभूषण छुपा रखे है। पुलिस टीम खेत पहुंची और उसके बताये स्थान पर खुदाई की गई। जहां से चोरी के पूरे आभूषण बरामद कर लिये गये। गुरूवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### तराना में नकली आभूषण लगे थे हाथ

तराना एसआई हरिराम अंगोरिया ने बताया कि उक्त बदमाश ग्राम बीजपड़ी में दिनदहाड़े चोरी करने पहुंचा था। उसने एक मकान का ताला तोड़कर आभूषण चोरी कर लिये थे, लेकिन भागने का प्रयास करते समय लोगों ने उसे पकड़ लिया था। उससे आभूषण बरामद किये गये। मकान मालिक को बुलाया गया और पूछताछ की गई तो सामने आया कि बदमाश जो आभूषण चोरी कर भाग रहा था वह आर्टिफिशल है। लेकिन उसने ताला तोड़कर वारदात की है। उक्त मामले में बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### रात में नहीं करता है चोरी

कायथा पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि बदमाश माखन काफी शातिर है। वह रात में चोरी को अंजाम नहीं देता है। वह दिन में सूने मकान की रैकी करता है और मौका पाकर ताला तोड़कर वारदात अंजाम देता है। उसके खिलाफ ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी के मामले दर्ज होना सामने आये है।

# प्रेम विवाह करने वाली महिला की लाश पटरी पर मिली थी, पति करता था प्रताड़ित

### जांच के 24 दिन बाद सलाखों में पहुंचा पति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

11 साल पहले प्रेम विवाह करने वाली महिला ने रेलवे पटरी पर ट्रेन के सामने लेट आत्महत्या कर ली थी। उसका शव टुकड़ो में मिला था। 24 दिन की जांच के बाद पुलिस ने पति को प्रताड़ना के मामले में गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने 17 मई की सुबह नईखेड़ी और असलोदा स्टेशन के बीच पटरी से महिला का टुकड़ो में शव बरामद किया था। जिसकी पहचान नीलम पति सोनू भामी 35 साल निवासी ग्राम झिरनिया के रूप में हुई थी। प्रारंभिक रूप से मामला आत्महत्या का सामने आने पर मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 24 दिनों की जांच में सामने आया कि नीलम ने 11 साल पहले सोनू से प्रेम विवाह किया था। जिसके चलते नीलम का परिवार नाराज हो गया था और बोल चाल बंद हो गई थी। सोनू शराब पीने का आदी हो चुका था और आये दिन मारपीट कर प्रताड़ित करने लगा था। नीलम अपने परिवार के पास भी नहीं लौट



सकती थी। पति की मानसिक और शारिरीक प्रताड़ना से वह इतनी तंग आ गई कि उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच और परिवार के बयान पर पति के खिलाफ सोनू पिता स्व. सीताराम भामी के खिलाफ धारा 108 और 85 भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी शैलेन्द्रसिंह राजावत ने बताया कि सोनू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

#### उधार नहीं चुकाना पड़े इसलिये दिया था हत्या को अंजाम

# 7 दिनों तक छुपाई थी लाश, मिला आजीवन कारावास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उधार नहीं चुकाना पड़े इसलिये उधार देने वाले की हत्या कर 7 दिनों तक लाश छुपाने वाले 2 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। हत्या में नाबालिग शामिल था, जिसका फैसला आना शेष है। मृतक की परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ाखजूरिया में रहने वाले नरेन्द्र पिता मुरलीसिंह सौंधिया 22 साल की 15 अगस्त 2023 को ग्राम महुडी में सरपंच अंतरसिंह आंजना के खेत से बोरे में बंद लाश मिली थी। जो 7 से 8 दिन पुरानी होना सामने आई थी। राघवी थाना एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावा ने मामले में मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये थे। इस दौरान सामने आया कि नरेन्द्र सौंधिया की गुमशुगदी परिजनों ने चिमनगंज थाने में 8 अगस्त को दर्ज कराई गई है। नरेन्द्र के पिता आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में



भर्ती है। नरेन्द्र ने सुनील पिता कचरूलाल को डेढ़ लाख उधार दिये थे। मेडिकल कॉलेज से रुपए लेने सुनील के पास गया था उसके बाद से नहीं लौटा है। गुमशुदा की हत्या होने पर धारा 302 का अपराध दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। सुनील पिता कचरूलाल परमार 25 साल निवासी ढाबली कम्मा राघवी को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो उसने अपने साथी बलराम उर्फ बल्लू पिता सिद्धूलाल परिहार 24 साल निवासी खेड़ाखजूरिया और नाबालिग के साथ हत्या करना कबूल कर लिया। पुलिस ने साथी और नाबालिग को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि 33 माह चली सुनवाई के बाद महिदपुर न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश सनोड़िया ने फैसला सुनाते हुए दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। नाबालिग का मामला बाल न्यायालय में विचाराधीन है। जिसका फैसला आना शेष है। प्रकरण में प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के मागदर्शन में पैरवी कमलसिंह गोयल विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई।

### तलवार से मारा, डबरी में था डूबोया

राघवी थाना तत्कालीन एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावा ने बताया कि आरोपियों के हिरासत में आने पर सामने आया था कि सुनील परमार उधार रुपए नहीं लौटाना चाहता था उसने साजिश रची और साथियों के साथ मिलकर 7 अगस्त 2023 को रुपए देने के बहाने नरेन्द्र को बुलाया। मेडिकल कॉलेज से नरेन्द्र खेड़ा खजूरिया पहुंचा, जहां से तीनों अनाज मंडी के पीछे लेकर गये। वहां तलवार से हमला किया और मुंह दबाकर समीप डबरी में डूबा दिया। तलवार और मृतक का मोबाइल भी पानी में फेंक लौट गये। 8 अगस्त को बलराम घटना स्थल डबरी के पास पहुंचा। मृतक ऊपर आ गया था। उसकी लाश के साथ पत्थर बांध फिर से डूबो दिया। 9 अगस्त को महिदपुर से दो टाट के बोरे खरीदे और लाश को पानी से निकालकर उसमें भरने के बाद बाइक से ग्राम महुडी में कुऐ के पास खेत में लाश फेंक कर भाग निकले। जिसके बाद 15 अगस्त को लाश मिलना सामने आया था।

#### तलाशी में मिली 27 हजार की अवैध शराब

# रास्ता नहीं मिलने पर पकड़ा गया कार चालक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चैकिंग में कार को रोकने का प्रयास पुलिस टीम ने किया। चालक ने भागने का प्रयास किया और गलत रास्ते पर चला गया। रास्ता नहीं होने पर उसने कार छोड़ भागने का प्रयास किया लेकिन पीछे आ रही पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी में 27 हजार से अधिक की शराब बरामद होना सामने आया है।

खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि बुधवार-गुरूवार रात कस्बा भ्रमण के दौरान संदिग्धों की चैकिंग के दौरान जावरा की ओर से कार आती दिखाई दी। जिसे रोकने का प्रयास करने पर चालक ने रफ्तार तेज कर दूसरे रास्ते पर भागने का प्रयास किया और लंगर कालोनी में चला गया, जहां आगे जाने का रास्ता बंद था। चालक की करतूत चैकिंग में शामिल एसआई ईश्वर जोशी, मंगलसिंह भाभर,प्रधान आरक्षक रोहित तिवारी आरक्षक मुकेश गोयल और हेमेन्द्र ने शंका होने पर उसका पीछा किया। चालक ने कार छोड़कर पैदल दौड़ लगाई, लेकिन पीछे लगी पुलिस टीम ने



उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर चालक का नाम दीपक पिता मनोहरलाल वर्मा 23 साल निवासी पिपलोदारोड जावरा सामने आया। पुलिस टीम ने उसकी कार की तलाशी ली, जिसमें 3 पेटी बीयर और 3 पेटी देशी शराब की रखी होना पाई गई। दीपक से पूछताछ करने पर मामला अवैध शराब परिवहन का सामने आया। मामले में कार जप्त के साथ शराब जप्त कर चालक को थाने लाकर आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया। बरामद शराब 27 हजार 600 और गुजरात पासिंग कार क्रमांक जीजे 09 बीबी 1064 पांच लाख की पाई गई। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी को गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

#### स्मार्ट सिटी सीईओं ने ठेकेदारों की लापरवाही पकड़ी

# जुर्माना लगाया, सहायक यंत्री को नोटिस

### झालरिया मठ क्षेत्र निर्माण एजेंसी पर 50 हजार, भारत माता मंदिर-चौबीस खंभा मार्ग एजेंसी पर 74 हजार रुपये की पेनल्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ के कार्यों को लेकर स्मार्ट सिटी भी गंभीरता के क्रम में आ गया है। इसी के तहत स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओं ने झालरिया मठ क्षेत्र की निर्माण एजेंसी पर 50 हजार एवं भारत माता मंदिर झचौबीस खंभा मार्ग एजेंसी पर 74 हजार की पेनल्टी लापरवाही सामने आने पर लगाई है। इसके साथ ही संबंधित सहायक यंत्री को कारण बताओं सूचना पत्र एवं उपयंत्री की तीन दिन का वेतन काटौती के आदेश जारी किए हैं।

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत जारी विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट सिटी मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप शिवा




द्वारा स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।

ये मिली निमार्णों के हाल-

निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।झालरिया मठ क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विगत 10 दिनों में निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। इस पर संबंधित निर्माण एजेंसी पर 50 हजार रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सहायक यंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने तथा संबंधित उपयंत्री के तीन दिवस के वेतन की कटौती करने के निर्देश दिए गए।भारत माता मंदिर से चौबीस खंभा मार्ग तक निमार्णाधीन सड़क कार्य की भी समीक्षा की गई। 24 मीटर चौड़ाई एवं 360 मीटर लंबाई के इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण कार्य में भी अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसी पर 74 हजार रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए।

# आवासीय परिसरों में पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वर्षाकाल से पहले पुलिस ने अपने आवासीय परिसरों में गुरूवार को स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें पुलिसकर्मियों के साथ उनके परिजनों ने श्रमदान किया।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के आदेश पर वषार्काल से पहले पुलिस लाइन से लेकर पुलिस कालोनी परिसर में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश जारी किये थे। अभियान का संचालन रक्षित निरीक्षक रणजीतसिंह के मार्गदर्शन में तय किया गया। जिसके लिये कमेठी गठित क गई और संबंधित सूबेदार अधिकारियों को नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया था। पुलिस लाइन में सूबेदार स्वाति कामले, फाजलपुरा पुलिस कॉलोनी में सूबेदार सुभाष सतपाड़िया,



नीलगंगा पुलिस आवासीय कॉलोनी में सूबेदार धर्मेन्द्र शर्मा तथा चिमनगंजमंडी पुलिस आवासीय कॉलोनी में सूबेदार निवेष मालवीय को प्रभार सौंपा गया। गुरूवार को अभियान में सभी परिसरों में मुख्य मार्गों, गलियों, छतों एवं नालियों की सफाई की गई।

मानसून के दौरान मच्छरों के पनपने तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से परिसर में अनावश्यक झाड़ियों, मलबे और कचरे को साफ किया गया, ताकि संभावित जलभराव की स्थिति को रोका जा सके और आवागमन सुरक्षित बनाया जा सके। स्वच्छता अभियान में कालोनी परिसर में रहने वाले पुलिसकर्मियों के साथ उनके परिजनों ने भागीदारी की, वहीं नगर निगम, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई।

### राजकुमार खलीफा बैरवा महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय बैरवा महासभा के युवा प्रकोष्ठ में उज्जैन के राजकुमार खलीफा (कैरोल) को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुशंसा पर राष्ट्रीय महामंत्री रामनिवास जोनवाल और राष्ट्रीय प्रभारी हरिश ललावत ने यह नियुक्ति की है। राजकुमार खलीफा के मनोनयन से समाज के युवाओं में उत्साह है। उनकी इस नियुक्ति पर डॉ. प्रभुलाल जाटवा, मदनलाल ललावत, हरिशंकर वट, राकेश मरमट, जगदीश मीमरोठ, नवीन धंधेरवाल, नितिन मरमट ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। समाजजनों ने इस मनोनयन के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार भी प्रकट किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com